दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 308 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर | गुरुवार, 11 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत



# त्रिभुवन एयरपोर्ट दो दिन बाद खुला...

# हालात सामान्य होने तक देशभर में कर्फ्यू लागू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल में सोशल मीडिया बैन और भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हिंसा से हालात बिगड़ने पर दो दिन से बंद त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बुधवार को फिर से खोल दिया गया और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अनुमति दे दी गई। इस बीच, नेपाली सेना ने बुधवार शाम से देशभर में कर्फ्यू लागू करने की घोषणा की है। सेना का कहना है कि असामाजिक तत्व आंदोलन की आड़ में संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हालात की समीक्षा के बाद कर्फ्यू बढ़ाने पर फैसला होगा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकीं सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाने



पर चर्चा तेज हो गई है। जेन-जेड आंदोलन की बड़ी बैठक में उनके नाम को समर्थन मिला। हालांकि सभी प्रदर्शनकारी एकमत नहीं हैं और कुछ गुट काठमांडू के मेयर बालेन शाह और अन्य युवा नेताओं का नाम आगे बढ़ा रहे हैं। कार्की बुधवार को सेना मुख्यालय पहुंचीं और अधिकारियों से मुलाकात की। सेना ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे सहमति बनाकर संभावित नेताओं के नाम और संपर्क जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि राजनीतिक समाधान खोजा जा सके।

## ओली का भावनात्मक संदेश

अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पहली बार सामने आए और युवाओं को खुला पत्र लिखकर प्रदर्शन को "गहरी साजिश" बताया। उन्होंने दावा किया कि वह शिवपुरी स्थित सैन्य घेरे में सुरक्षित हैं। ओली ने हिंसा में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके अपने कोई संतान नहीं है लेकिन वे हमेशा युवाओं को अपना मानते हैं। उन्होंने शांति बनाए रखने और संवाद का आह्वान किया।

## कैदियों और पुलिस में झड़प

हिंसक प्रदर्शनों का फायदा उठाकर 13,500 से ज्यादा कैदी जेल से भाग निकले। हिरासत में लिए गए 560 आरोपी भी फरार हो गए। पश्चिमी नेपाल की एक जेल में कैदियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में पुलिस गोलीबारी से पांच नाबालिग कैदियों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। अब तक हुई झड़पों में 30 लोगों की मौत और 1000 से अधिक घायल हुए हैं।

## फ्रांस में मैक्रों सरकार के खिलाफ उबाल

पेरिस। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के इस्तीफे और बजट में कटौती के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। बुधवार को एक लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतर आए। गृह मंत्री ब्रूनो रेतेयो ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने रेन शहर में एक बस को आग के हवाले कर दिया, जबकि दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में बिजली लाइन क्षतिग्रस्त होने से ट्रेन सेवाएं बाधित हुईं। अब तक 200 से ज्यादा उपद्रवी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सरकार ने स्थिति काबू में रखने के लिए 80 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। इन प्रदर्शनों के पीछे मुख्य वजहों में मैक्रों की नीतियों से जनता में असंतोष, बजट कटौती से बढ़ी आर्थिक दबाव, दो साल में पांच प्रधानमंत्रियों की अदला-बदली से पैदा अस्थिरता और लेफ्ट पार्टियों द्वारा छेड़ा गया 'ब्लॉक एवरीथिंग' आंदोलन शामिल है। यह विरोध ऐसे समय में हो रहा है जब नए प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने कार्यभार संभाला है। इससे पहले फ्रांस्वा बायरू ने अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद इस्तीफा दे दिया था।




## नेपाल विद्रोह पर CJI बोले... हमें अपने संविधान पर गर्व

भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान नेपाल विद्रोह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए, देखिए पड़ोसी देशों में क्या हो रहा है। नेपाल में तो हमने देख रहे हैं। इस पर जस्टिस विक्रम नाथ ने जोड़ते हुए कहा कि हां, बांग्लादेश भी। जजों ने ये बयान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलील पर दिया।

## वाहन डीलर जीएसटी में कटौती का लाभ ग्राहकों को दें: गोयल

बढ़ता राजस्थान

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को वाहन डीलरों के शीर्ष निकाय फाडा से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का अनुरोध किया। गोयल ने 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) की तरफ से आयोजित खुदरा वाहन सम्मेलन में कहा कि कहा कि भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है और इससे घरेलू उद्योग को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी कंपनियां भी भारत में निवेश करने की इच्छुक हैं, क्योंकि यह देश एक विशाल घरेलू बाजार प्रदान करता



है। गोयल ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते के साथ आप भारत में कारों की एक बड़ी विविधता देखेंगे। अगर उन्हें पर्याप्त कारोबार मिलता है, तो वे भारत में विनिर्माण शुरू करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि फाडा दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों के सभी खरीदारों को अच्छा फायदा देगा। आने वाले वर्षों में जब गाड़ियां और सस्ती हो जाएंगी, तो उम्मीद है कि वे आपके पास और बड़ी संख्या में आएंगे।

## निर्वाचन आयोग जल्द करेगा तारीख तय
## पूरे देश में वोटर लिस्ट के SIR को हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निर्वाचन आयोग देशभर में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। आयोग जल्द ही इस अभियान की तारीख तय करेगा और अधिकारियों के अनुसार राज्यों में मतदाता सूची संशोधन की प्रक्रिया साल के अंत तक पूरी हो सकती है। बुधवार को आयोग और राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की एक दिवसीय बैठक के बाद यह जानकारी सामने आई। अगले साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, ऐसे में आयोग ने स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय




स्तर पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान 2025 के आगामी महीनों में चलाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित हुई मतदाता सूचियां तैयार रखें। कई राज्यों ने इन्हें अपनी वेबसाइट पर पहले ही उपलब्ध करा दिया है।

### घर-घर जाकर होगा सत्यापन

आयोग ने कहा कि बिहार के बाद अब पूरे देश में एसआईआर की कवायद होगी। इसके तहत चुनाव अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार हो सके। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए यहां भी यह प्रक्रिया महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक इस संशोधन का प्रमुख उद्देश्य अवैध विदेशी प्रवासियों की पहचान कर उन्हें मतदाता सूची से बाहर करना है। आयोग का कहना है कि बांग्लादेश और म्यांमार से जुड़े मामलों को देखते हुए यह कदम संवैधानिक दायित्व के तहत आवश्यक है।

## इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकी अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ, झारखंड के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और रांची पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में इस्लामिक स्टेट के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एक



अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बोकारो के रहने वाले मुख्य आरोपी अशर दानिश को रांची से गिरफ्तार किया गया है। वह दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार, सभी टीमों द्वारा एक साथ की गई समन्वित कार्रवाई के दौरान एक अन्य संदिग्ध आफताब को दिल्ली से पकड़ा गया।




## मनमोहन सिंह को मरणोपरांत मिला पी.वी. नरसिम्हा राव स्मृति सम्मान

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री और प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह को भारत के आर्थिक सुधारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत पी वी नरसिम्हा राव स्मृति अर्थशास्त्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हैदराबाद स्थित पीवीएनएमएफ ने बताया कि दिल्ली में आयोजित समारोह में उनकी पत्नी गुरशरण कौर ने पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान पूर्व योजना आयोग के उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने प्रदान किया। संस्थान ने बताया कि यह पुरस्कार अर्थशास्त्र में असाधारण योगदान को मान्यता देने के लिए शुरू किया गया था।

### ट्रंप ने फिर किया 'दोस्ती' वाला पोस्ट

## मोदी का ट्रंप को जवाब... भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त और नेचुरल पार्टनर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका स्वाभाविक साझेदार हैं और दोनों देशों की टीमें द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं। मोदी ने यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के जवाब में की, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच 'व्यापार बाधाओं' को दूर करने के प्रयास जारी हैं। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'भारत और अमेरिका घनिष्ठ मित्र और स्वाभाविक साझेदार हैं। मुझे विश्वास है कि हमारी व्यापार वार्ता साझेदारी की असीम संभावनाओं



को उजागर करेगी। हमारी टीमें चर्चाओं को अंतिम रूप देने के लिए काम कर रही हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत के लिए उत्सुक हूं। हम दोनों देशों के लोगों के लिए उज्ज्वल और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार सुबह 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट कर कहा था कि वह आगामी हफ्तों में मोदी से बात करने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने भरोसा जताया कि प्रस्तावित व्यापार समझौता बिना कठिनाई के पूरा हो जाएगा। उन्होंने मोदी की टिप्पणी को भी अपने प्लेटफॉर्म पर पुनः पोस्ट किया। पिछले कुछ हफ्तों में भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक मसलों पर तल्खी बढ़ी है। ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क दोगुना कर दिया है और रूस से तेल खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया है। भारत ने इन कदमों को 'अनुचित और अवांछित' बताया है। इसके बावजूद दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने रिश्तों को सकारात्मक दिशा में ले जाने का संदेश दिया है।

# बदहाल हो रहा जिला अस्पताल और लाचारी जता रहे पीएमओ

## पूर्व विधायक ने पूछा तो दूसरों पर ठीकरा फोड़ना लगे पीएमओ

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल की बदहाली सुधरने का नाम नहीं ले रही है। यहां तक कि प्रबंधन करने वाले अधिकारी भी लाचार से नजर आ रहे हैं। बुधवार को पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने जिला अस्पताल का दौरा किया। गंदगी व अव्यवस्थाओं को देखकर वे नाराज नजर आए। पूछा तो प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा की लाचारी सामने आ गई। पीएमओ ने स्वीकारा कि जनाना वार्ड के पास सीवरेज व मल-मूत्र बिखरा रहने से गंदगी हो रही है और दुर्गंध फैल रही है, लेकिन निकासी के प्रबंध नहीं किए जा रहे। वार्ड निर्माण करने वाली एजेंसियों व सम्बंधित अधिकारियों को कहा भी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा। पूर्व विधायक को कमोबेश यही स्थिति मोर्चरी के पास भी नजर आई। इस जगह एक से डेढ़ फीट तक जलभराव है।





### निर्माणाधीन वार्ड की फॉल सिलिंग टूटी

जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 50 बेडेड जनाना वार्ड अभी तक सुचारू नहीं हुआ है। समयावधि के तहत इसे वर्ष-2024 में ही शुरू करना था, लेकिन कार्य ही पूरा नहीं हुआ। इसकी छत पर पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने से पानी व काई जमी हुई है। आईसीयू की फॉल सिलिंग अभी से टूट चुकी है और खिड़कियों की जालियां व केबल चोरी हो गए।

### फिर भी नहीं खोज रहे वैकल्पिक रास्ता

जिला चिकित्सालय की मोर्चरी पूरी तरह से जलमग्न हो रही है। पूर्व विधायक ने देखा कि मोर्चरी में आवाजाही बगैर वाहन नहीं कर सकते। एक से डेढ़ फीट तक जलभराव व कीचड़ एवं काई के बीच से गुजरना हादसे को न्योता देने के बराबर है। पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल ज्यूरिस्ट व चिकित्सकों को मुश्किल से जाना पड़ रहा है। मृतक के परिजन व पुलिसकर्मी भी भारी परेशानी झेल रहे हैं। मार्चरी के आगे जलभराव की निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### जिला कलक्टर को बताई अस्पताल की स्थिति

जिला अस्पताल का जायजा लेने के बाद पूर्व विधायक ने जिला कलक्टर से भी मुलाकात की। उन्हें जिला अस्पताल की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही व्यवस्थाओं में सुधार लाए जाने का आग्रह किया। जिला कलक्टर से आग्रह किया कि वे सप्ताहभर में ही सीवरेज की मल निकासी व जल भराव की समस्या का समाधान करे एवं जनाना वार्ड को भी शीघ्र शुरू करें। पूर्व विधायक ने जनाना वार्ड का जायजा लिया। यहां टॉयलेट्स व बाथरूम के दरवाजे खुलवाकर देखा। यहां दुर्गंध व गंदगी दिखी तो पीएमओ ने बताया कि भवन बनाने वाली एजेंसियों से सहयोग नहीं मिल रहा है। वे लोग इसकी निकासी करवाए तो टॉयलेट व बाथरूम एक दिन के लिए बंद करवा कर सारी व्यवस्थाएं हो सकती है, लेकिन कोई सुनता ही नहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### जीणगौर में खनन पट्टा संचालन में बाधा

**बढ़ता राजस्थान, पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** उपखंड क्षेत्र के गुलाबगढ़ में खनन पट्टा संख्या 7/2000 को लेकर विवाद बढ़ गया है। खनन पट्टाधारी भवानी शंकर शर्मा का आरोप है कि छाजूराम मीणा ने अवैध अतिक्रमण करके पट्टा संचालन में बाधा उत्पन्न की है और अवैध वसूली की कोशिश की। शर्मा ने बताया कि 6 सितंबर 2025 की रात मीणा ने मृत बकरी खनन क्षेत्र में डालकर ब्लास्टिंग से नुकसान होने का मिथ्या आरोप लगाया। जबकि ब्लास्टिंग नियमानुसार हुई थी और किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। मृत बकरी का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सक गोपाल स्वामी ने किया, जिसमें इंफेक्शन से मृत्यु की पुष्टि हुई। उच्च न्यायालय की जमानत और सिविल न्यायाधीश पावटा के आदेश (01 नवंबर 2022) के बावजूद, मीणा की गतिविधियों से पट्टा संचालन बाधित हो रहा है। भवानी शंकर शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि छाजूराम मीणा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और खनन क्षेत्र से उसका अतिक्रमण हटाया जाए। मामले में प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजर टिकी है।

### फसल बचाने को लेकर किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** ग्राम बाजना कला के किसानों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। किसानों का आरोप है कि ग्राम बाजना खुर्द के वाल्मीकि समाज के 8-10 व्यक्तियों के सुअर खुले घूम रहे हैं, जिससे बाजरा की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने बताया कि जब उन्होंने सुअरों के मालिकों से संपर्क किया तो कोई भी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कई बार सुअरों को अपने कब्जे में रखने का अनुरोध किया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस कारण फसल को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि वाल्मीकि समाज के व्यक्तियों को सुअरों के नियंत्रण के लिए पाबंद किया जाए, ताकि बाजरे की फसल को आवारा सुअरों से सुरक्षित रखा जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में राधामोहन, धारा सिंह, लक्ष्मण अशोक, विनोद कुमार, लक्ष्मण भरत सिंह, विष्णु, भगवान सिंह, राजेश, खेमचंद, राधेश्याम, राजेश प्रमोद, राजवीर और ओमप्रकाश शामिल थे।

### फसलों के खराबे का निरीक्षण करने खेतों में पहुंचे तहसीलदार



**बढ़ता राजस्थान, चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार तहसील क्षेत्र के गांव करणपुरा ,रोजाना में सोयाबीन के खेतों में बरसात से हुवे नुकसान का निरीक्षण करने तहसीलदार गणेश खंगार ,हल्का पटवारी आलोक सिंह ,कार्यालय कर्मी ललित कुमार रहे साथ , स्मरण रहे फसल खराबे की गिरदावरी एवं मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व में एवं भारतीय किसान संघ व किसान नेताओं ने क्षेत्र के किसानों के साथ हाथों में खराब हुई सोयाबीन कि फसल के पौधे लेकर रैली निकाल प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंप चुके है।एवं भारतीय किसान संघ ने झालावाड़ में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर दो दिनों से मिनी सचिवालय के बाहर महापड़ाव डाल रखा हे ।

# 69वीं जिला स्तरीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**सूरौठ (हिंडौन सिटी)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं.1 सूरौठ में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 69वीं जिला स्तरीय छात्र व छात्रा (14 वर्ष आयु वर्ग) खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल अधिकारी, शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चैयरमेन प्रतिनिधि रमाकांत शर्मा ने प्रतियोगिता का ध्वजारोहण किया और कहा कि



खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, क्योंकि खेल अनुशासन और टीम भावना सिखाते हैं। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा, "अवसाद भरे जीवन में खेल ही एक ऐसा साधन है जो तनाव मुक्त रखता है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है।"

समन्वयक और प्रधानाध्यापक महेश चंद्र जाट ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से 42 टीमों के 390 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। खेलों में सॉफ्टबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी, जिमनास्टिक, लॉन टेनिस शामिल हैं। प्रतियोगिता 12 सितंबर तक जारी रहेगी। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीणा और भगत सिंह बैनीवाल ने किया। उद्घाटन से पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन मैचः सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में सेंट फ्रांसिस सेकेंडरी स्कूल, काचरौली ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ताली को 14-0 से हराया।

# जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे दो झोलाछाप पकड़े

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** स्वास्थ्य विभाग ने पिण्डवाड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे दो क्लीनिकों पर छापा मारा। इनमें दो जने अवैध रूप से उपचार कर जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करते मिले। इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि पिण्डवाड़ा ब्लॉक में बीसीएमओ डॉ भूपेंद्रप्रताप सिंह ने कार्रवाई की। इस दौरान काछोली व मांडवाड़ा खालसा में अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिकों पर कार्रवाई की गई। काछोली गांव में कार्तिक बंगाली



व माण्डवाड़ा खालसा में विरूज रॉय बिना किसी वैध चिकित्सकीय डिग्री और पंजीकरण के क्लीनिक संचालित करते मिले।

# चार बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ राधा स्वामी नगर के प्लॉट नं. 84 व 85 में सैटबैक कवर कर किये गए अवैध निर्माण के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। जोन-10 में निजी खातेदारी की करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस, श्री राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित राधा स्वामी नगर के प्लॉट नं. 84 व 85 में सैटबैक कवर कर अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा लोखण्डा मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया।

जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम आगरा रोड़, पिताम्बर मंदिर के पास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''पिताम्बरा'' के नाम से बनाई गई ग्रेवल, सीमेन्ट की सडके व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, लोखण्डा मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया।

# झालावाड़ के नेतृत्व में किसानों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति झालावाड़ जिला अध्यक्ष अंशुल पटेल के नेतृत्व में बुधवार को क्षेत्र के किसानों ने किसान आक्रोश रैली हाथों में 15 सूत्रीय मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा।रैली राधा कृष्ण मंदिर कुंडला रोड चौमहला से शुरू कर नगर के मुख्य झंडा चौक होते हुए सैकड़ों किसानों ने उपखंड कार्यालय गंगधार पहुंच कर अपना मांग पत्र कृषि मंत्री भारत सरकार के नाम उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सौंपा ।जिसमें मुख्यतः फसल खराबा,बीमा राशि,मुआवजा राशि,डॉक्टरों स्टाफ की कमी,पशु चिकित्सक एवं कंपाउंडर के रिक्त पदों को भरने,खाद बीज विपणन, कृषि उपज मंडी में धर्म कांटा लगाने,बिजली व्यवस्था दुरुस्त करवाने,प्लास्टिक मुक्ति, गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने,रोजगार हेतु उद्योग स्थापित करने,फसलों का उचित दाम तय करने,शिक्षकों की कमी एवं विद्यालय की खस्ता हालत सुधारने,सुचारू जलापूर्ति करने आदि किसानों की समस्याओं को हल करवाने की मांग की गई।

# नीरजा मोदी स्कूल में छात्र परिषद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए नव-नामांकित छात्र परिषद का इंवेस्टीचर सेरेमनी भव्यता के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम में नीर, अग्नि, वायु और पृथ्वी हाउस के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और छात्र परिषद के विभिन्न पदाधिकारी चुने गए।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं संस्था के चेयरपर्सन डॉ. महेन्द्र सोजतिया, सीईओ रीना सोजतिया, सेक्रेटरी डॉ. ध्रुव सोजतिया और ट्रस्टी नेहल सोजतिया के स्वागत से हुई। सभी नव-नामांकित सदस्यों को उनके पदानुसार बैज और शैश पहनाए गए। संस्था की निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने छात्र परिषद को पदानुसार शपथ दिलाई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने हेड बॉय जिव्यांश डांगी, हेड गर्ल हनी चावला, वाइस हेड बॉय तेजस गग्गर, डिप्टी हेड गर्ल प्रिशा गुलाटी, लिटरेरी सेक्रेटरी अक्षिता सिंह, डिप्टी लिटरेरी सेक्रेटरी हिरल शर्मा, कल्चरल सेक्रेटरी किनिशा श्रीमाली, डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी निशि जैन, स्पोर्ट्स कैप्टन स्वधीर शर्मा, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन द्विशा सालवी सहित हाउस कैप्टन और क्लास प्रिफेक्ट्स को शैश और बैज पहनाकर पदभार ग्रहण करने की शुभकामनाएं दीं। निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और विद्यालय का गौरव बढ़ाने के साथ गुरुजन का सम्मान करने की सीख दी। विद्यार्थियों ने कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासित रहने का संकल्प भी लिया।

## जयपुर के 177 गाँवों में सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने हेतु मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण

# जनजातीय क्षेत्रों में सुशासन की नई पहल साबित होगा आदि कर्मयोगी अभियान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स के 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यह प्रशिक्षण जयपुर स्थित एक निजी होटल में 10 से 12 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा प्रारम्भ किया गया आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय क्षेत्रों में उत्तरदायी शासन व अन्तिम छोर तक सेवा संतृप्ति सुनिश्चित करने की एक राष्ट्रीय पहल है। अभियान के तहत् देशभर में जनजाति बाहुल्य एक लाख गांवों में 20-20 व्यक्तियों को आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी के रूप में चयनित किया जा रहा है। इसी




क्रम में जयपुर जिलें के 10 ब्लॉकों में 177 गांवों का चयन किया गया है। जिलें में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ें 17 विभागों की 25 प्रमुख गतिविधियों के अभिसरण से 177 चयनित गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहतत् ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामसेवक, पटवारी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, पशुधन सहायक, प्रधानाध्यापक, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का कर्मचारी विद्युत विभाग का कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम, साथिन, कृषि पर्यवेक्षक, वनपाल, सहकारिता में ग्राम सेवा सहकारी समिति का व्यवस्थापक एवं राजीविका में बने हुए ग्रुप की महिला अध्यक्ष आदि को आदि कर्मयोगी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही ग्राम स्तर पर उस ग्राम के निवासी युवा, ग्राम में कार्यरत अध्यापक, डॉक्टर, अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं, वार्ड पंच, सरपंच, स्वयंसेवी संस्था के सदस्य एवं गांव में रहने वाले मोहल्लावार, ग्रामीण पटेल, मुखिया, गमेती को आदि सहयोगी व आदि साथी के रूप में चयन किया जावेगा।

इस अभियान के अन्तर्गत आदि सेवा केन्द्र स्थापित किये गये है, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला व बाल विकास, पंचायती राज, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी सप्ताह में एक दिन उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगें। अभियान के तहत चयनित ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, कृषि एवं अन्य विभागों के अधिकारी सप्ताह में एक दिन उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

'ग्राम उत्कर्ष अभियान' एवं 'आदि कर्मयोगी अभियान, उत्तरदायी शासन कार्यक्रम 2025' के तहत जिले की 10 पंचायत समितियों में ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त किए गए हैं।

## सैनी सभा संस्था द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति कार्यकारिणी की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** सैनी सभा भवन नंबर एक मे सैनी सभा संस्था द्वारा संचालित सामूहिक विवाह समिति की कार्यकारिणी बैठक विवाह समिति के सयोजक रामकुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।सर्वसमति से निर्णय लिया गया कि 2 नवंबर 2025 को तीसरा विवाह सम्मेलन करने का निर्णय व प्रथम परिचय सम्मेलन मे 6 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमे कार्यकारिणी का विस्तार उपाध्यक्ष उदय तोदवाल, धर्मवीर सैनी,सचिव एडवोकेट विजय सैनी, दिनेश सैनी,कोषाध्यक्ष रामजी लाल सैनी,मोहनलाल सैनी,संरक्षक रामजीलाल सैनी बागवाली,श्यामलाल सैनी किया गया।दूसरा परिचय सम्मेलन 21 सितंबर 2025 को होगा।इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राकेश सैनी,पूर्व उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी,सैनी समाज अध्यक्ष रामसिंह सैनी,उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल,योगेश सैनी,दयाराम सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,ओमप्रकाशसैनी,रामजीलाल सैनी,राजेश सैनी,रामजीलाल सैनी उपस्थित रहे।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर परिषद आयुक्त के नाम सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। राज्य सरकार द्वारा आयोजित शहर चलो अभियान के प्री कैंप में वाडर्. नम्बर 19 की पार्षद मीनू बंसल ने वाडर्. की अनेक समस्याओं के बारे में नगर परिषद को अपनी शिकायत दर्ज करवाई। नगर परिषद आयुक्त के नाम जेईएन बहादुर सिंह यादव को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाया और लिखित में अलग-अलग पत्र (ज्ञापन) सौंपे। पार्षद मीनू बंसल ने ज्ञापन में बताया कि शहर के हनुमान शरण मार्ग स्थित मुख्य बाजार शनि मंदिर से लेकर पूतली कट तक एक भी सार्वजनिक शौचालय नही है। पूर्व में अग्रसेन तिराहे पर बने शौचालय को नगरपरिषद द्वारा रोड़ विस्तारीकरण के दौरान तोड़ दिया गया था। जिसके कारण व्यापारियों व बाजार में बड़ी संख्यां में आने वाली महिला व पुरूषो को काफी परेशानी हो रही है। वहीं उसी दौरान वार्ड में मुख्य बाजार शनि मंदिर से राम भवन तक, अग्रसेन तिराहे से नगरपरिषद पार्क तक व पुरानी नगरपालिका से आजाद चौक तक रोड़ के दोनो तरफ के नाले भी तोड़ दिये गये थे जो तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक नही बने है। जिसके चलते नालो का गंदा पानी रोड़ पर फलता है तथा बारिश के दिनो मे तो हालात और भी खराब हो जाते है। अतः अविलम्ब यहां शौचालय, नाले व रोड़ बनवाने की मांग की गयी है। इसी प्रकार वार्ड में गत 06 माह से सीवरेज लाईन के अधुरे पडें कार्यो को पूरा करवाकर रोड़ बनवाने तथा वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाने, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराने, पेच वर्क, सार्वजनिक पार्को की साफ-सफाई तथा कार्यालय में पेडिंग पडी. पत्रावलियों का अविलम्ब निस्तारण की मांग की गयी है।

## फुटवियर पर जीएसटी 5 प्रतिशत करने पर आमजन को मिलेगी राहत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** केंद्र सरकार द्वारा 2500 रुपए तक के फुटवियर पर 5 प्रतिशत जीएसटी करने का संयुक्त फुटवियर संघर्ष समिति राजस्थान ने स्वागत कर आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया है। समिति के संयोजक नानकराम थावानी ने बताया कि समिति की लम्बे अरसे से चली आ रही मांग पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का जनहित में फुटवियर पर 2500 तक के फुटवियर पर 5 प्रतिशत जीएसटी कर राहत प्रदान करने पर हार्दिक आभार जताते हुए ईमेल द्वारा पत्र प्रेषित किया। साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच को सहयोग करने के लिए ईमेल से पत्र प्रेषित कर और फुटवियर जगत के समस्त सम्माननीय सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों सहित शासन प्रशासन के अधिकारियों को जीएसटी में राहत प्रदान करवाने में सहयोग के लिए आभार जताया है। फुटवियर होलसेलर विकास समिति के अध्यक्ष राजकुमार आसवानी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार आत्मा सिंह ने कहा है कि जीएसटी 5 प्रतिशत करने से सरकार के राजस्व में वृद्धि तो होगी।

### सदन की गरिमा रखना प्रत्येक विधायक का दायित्व

# कैमरों को लेकर प्रतिपक्ष द्वारा लगाए आरोप निराधार, सदन लोकतंत्र का मंदिर- देवनानी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सदन को विश्वास दिलाया कि प्रतिपक्ष द्वारा कैमरों से निजता भंग के लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि सदन में लगाए गए कैमरों के कार्य नियमानुसार और सदन की गरिमा की सुरक्षा के लिए हो रहे हैं। सदन के नियमों, परंपराओं और मर्यादाओं की पालना करवाना अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। श्री देवनानी ने कहा कि उनके द्वारा हमेशा से पक्ष और प्रतिपक्ष को साथ लेकर सदन चलाने की कोशिश की जाती रही है।

**कैमरे पहले से ही स्थापित, नेवा के तहत कैमरों का अपग्रेडेशन-** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सदन लोकतंत्र का मंदिर है। सभी विधायकगण इस मंदिर में आते हैं। यहां की मर्यादाएं हैं, नियम हैं, परंपराएं हैं। राजस्थान की आठ करोड़ जनता हम सबको रोज लाईव देखती है। श्री देवनानी ने कहा कि वे गत तीन चार दिन से अनुभव कर रहे हैं कि कहीं न कहीं सदन की गरिमा में कमी आ रही है। सभी मिलकर गरिमा रखेंगे तो अच्छा संदेश जाएगा। प्रतिपक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा सदन में स्थापित कैमरों के संबंध में उठाए गए प्रश्न के संदर्भ में व्यवस्था देते हुए श्री देवनानी ने कहा कि विधान सभा के नवीन भवन में सदन की स्थापना के समय से ही कैमरे लगे हुए हैं। पुराने सदस्यों को याद भी होगा की सवाई मान सिंह टाउन हॉल स्थित विधानसभा भवन में भी कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जाती थी। उन्होंने कहा कि हाल ही में वन नेशन वन एप्लीकेशन के तहत पेपरलेस प्रणाली को अंगीकार किया गया। इसके तहत ही कैमरो को अपग्रेड किया गया है।

**कैमरों से ऑडियो रिकार्डिंग नहीं, सुरक्षा के लिए लगाए गए है कैमरे-** देवनानी ने कहा कि सदन में लगाए गए कैमरों से ऑडियों रिकार्डिंग नहीं की जाती है। नेवा परियोजना के तहत सदन में स्थापित विभिन्न उपकरणों को तकनीकी रूप से अपग्रेड किया गया है जो कि एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एक निश्चित जीवनकाल होता है। नवीन तकनीकी उपकरणों से बेहतर क्वालिटी का प्रसारण संभव हुआ है। पंद्रहवीं विधानसभा के कार्यकाल के दौरान यूट्यूब पर आरंभ हुए लाइव प्रसारण के लिए संपूर्ण सदन के कवरेज के लिए भी आवश्यकतानुसार कैमरे प्रयोग में लाए जाते रहे हैं।

**सुरक्षा पर प्रतिपक्ष को आपति क्यों-** देवनानी ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मसले पर प्रतिपक्ष को आपति क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि 360 डिग्री को कवर करने वाले कैमरों से सुरक्षा पुख्ता हुई है। उन्होंने कहा कि सदन में बैठकों से पहले और पश्चात के साथ ही, जब बैठक नहीं होती है, उस दौरान भी सदन में सफाई और उपकरणों की सार संभाल के लिए आईपैड को चैक किये जाने हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों और तकनीशियनों का निरन्तर आवागमन रहता है। सुरक्षा की दृष्टि से सदन में कैमरों का होना आवश्यक है। प्रतिपक्ष को सुरक्षा की दृष्टि को गंभीरता से सोचना होगा।

# हुनर से रोजग़ार तक कार्यक्रम का समापन, 145 को मिला प्रमाण पत्र

### मीम टीम द्वारा चलाए गए प्रशिक्षण केंद्र में सिखाई गई सिलाई और ब्यूटीशियन की ट्रेनिंग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (बाबू अंसारी)।** नवाब का चौराहा मीम टीम की ओर से संचालित 'हुनर से रोजग़ार तक' कार्यक्रम के तहत महिलाओं और युवतियों को सिलाई और ब्यूटीशियन कोर्स में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की अनूठी पहल की गई। इस कार्यक्रम का समापन समारोह 7 सितंबर को रज़ा पब्लिक स्कूल, नवाब का चौराहा, जयपुर में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत बीते महीनों में स्कूल परिसर में सिलाई और ब्यूटीशियन की नियमित कक्षाएं आयोजित की गईं। सिलाई प्रशिक्षिका गुलफ्शा खान ने 80 लड़कियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया, वहीं ब्यूटीशियन कोर्स की जिम़्मेदारी रमशा खानम ने संभाली, जिन्होंने 65 लड़कियों को इस क्षेत्र में दक्ष बनाया। पूरे प्रशिक्षण सत्र की मॉनिटरिंग निकहत परवीन द्वारा की गई, जिन्होंने घर-घर सर्वे और सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से युवतियों को जोडने का काम भी किया। समारोह के दौरान मीम टीम के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल अलीम ने मंच संचालन किया और कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। मीडिया प्रभारी हाजी आकिब खान ने अतिथियों का स्वागत किया और मीम टीम द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की।इस अवसर पर मीम टीम के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें हाफिज़.अब्दुल रऊफ, शहजाद गौरी, मुजफ़्फर अली, अमीन मिजऱ्ा, अहसान खान, मुजम्मिल खान, फैसल खान, नईम खान, शाबाज़ आज़ाद, नदीम खान, अजहर खान, नासिर खान, फहीम बैग, मोहम्मद कासिम खान, रिज़वान खान, जमालुद्दीन खान, अब्दुल वासे सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे। सभी प्रशिक्षकों ने मेहनत और समर्पण के साथ प्रशिक्षण दिया, वहीं लड़कियों ने भी पूरे उत्साह और लगन से हुनर सीखा। मीम टीम का उद्देश्य इन महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना है, ताकि वे अपने परिवार और समाज में आर्थिक रूप से सशक्त भूमिका निभा सकें।

## श्रीराम लीला मंडल द्वारा बल्ली पूजन और मंच पूजन सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के श्रीराम लीला मंडल की ओर से बुधवार को आजाद चौक स्थित तहसील परिसर में रामलीला मंच पर बल्ली पूजन और मंच पूजन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भास्कर शर्मा रहे। पूजन पंडित अनिल शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान आगामी रामलीला आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई और सफल आयोजन के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर संरक्षक हजारी लाल राय, मोतीलाल स्वामी, प्रकाश भगतजी, अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष भूरेलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष पप्पुराम पांचाल, कुलदीप जोशी,कोषाध्यक्ष पवन, व्यवस्थापक रतन राय सहित मंडल के कई सदस्य मौजूद रहे।

## नगर निगम क्षेत्रों में 12 सितंबर से होगा 'सक्षम जयपुर अभियान' के तहत विशेष शिविरों का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा अनुसार जयपुर में जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'सक्षम जयपुर अभियान' विशेष योग्यजनों एवं वृद्धजनों के संबल का आधार बनता जा रहा है। जयपुर के नगर निगम क्षेत्रों में 12 सितंबर से विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार की बजट घोषणा एवं भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना तथा एडीआईपी योजना के अंतर्गत आयोजित होने वाले इन शिविरों में जिले में विशेष योग्यजन एवं बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को शिविरों में प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक राहत पहुंचाने के निर्देश दिये हैं। जिला कलक्टर ने सभी पात्र व्यक्तियों से अपील की है कि वे निर्धारित शिविरों में उपस्थित होकर उपकरणों का लाभ उठाएं और इस अभियान को सफल बनाएं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल ने 12 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम मानसरोवर एवं जगतपुरा में, 15 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम विद्याधर नगर एवं मुरलीपुरा में, 16 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त झोटवाड़ा में, 17 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम मालवीय नगर शिविर स्थल नगर निगम ग्रेटर कार्यालय, उपायुक्त नगर निगम सांगानेर शिविर स्थल पंचायत समिति सांगानेर में, 18 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम सिविल लाइन, कार्यालय उपायुक्त नगर निगम किशनपोल में 19 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम हवामहल एवं आमेर में, 23 सितंबर को कार्यालय उपायुक्त नगर निगम आदर्श नगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, किसान भवन लालकोठी, खण्ड-टर्मिनल मार्केट, जयपुर

क्रमांक :- 1663 दिनांक :- 09/09/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 09/2025-26**

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड–टर्मिनल मार्केट, जयपुर के कार्य हेतु ऑफलाईन बिड उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स एवं सेवा प्रदाता फर्मो के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb** पर भी देखा जा सकता है। जिसका UBN No AGM2526GSOB00548) है।

राज.संवाद/सी/25/9622 अधिशाषी अभियंता

### दस दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान

# किशोरी बालिकाओं के लिए कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**चाकसू (गिरिराज प्रसाद)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निर्देशानुसार मिशन शक्ति संकल्प, हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत दिनांक 2 से 12 सितंबर 2025 तक दस दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में चाकसू ब्लॉक के शीलकी डूंगरी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में यूएनएफपीए एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला डॉ. राजेश डोगीवाल, उपनिदेशक, महिला अधिकारिता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई।

**मुख्य विषय-वस्तु और चर्चाएं:** कार्यशाला में प्रवीण सिन्हा, जेंडर स्पेशलिस्ट, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को पोषण, संतुलित आहार, शारीरिक स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। उन्होंने लिंग आधारित भेदभाव जैसे शिक्षा, पोषण, आवाजाही, पहनावे आदि में समाज में व्याप्त असमानताओं पर चर्चा की और छात्राओं को इनसे निपटने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला गया और इसके दुष्परिणामों के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया गया।

**सहायता एवं काउंसलिंग सेवाओं की जानकारी:** पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र की काउंसलर सलौनी रावत ने केंद्र द्वारा दी जा रही सहायता सेवाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यदि कोई लडक़ी या महिला हिंसा की शिकार होती है, तो यह केंद्र उन्हें सुरक्षा, परामर्श एवं विधिक सहायता प्रदान करता है। साथ ही तेरे मेरे सपने योजना के तहत विवाह पूर्व परामर्श सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

ब्लॉक प्रभारी श्रीमती नीतू शर्मा ने महिला एवं किशोरी सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी,जिनमें लाडो प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना, पालनहार योजना, कालीबाई भील उड़ान योजना, शिक्षा सेतु योजना (छूटी हुई शिक्षा को फिर से जोडऩे हेतु) शामिल है।

इस कार्यशाला में यूएनएफपीए की काउंसलर रेखा कुमारी, विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं, स्थानीय वार्डन एवं बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने इस अवसर पर बालिकाओं को प्रेरित करने हेतु संबोधन भी दिया।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसलपुर परियोजना, देवली (टोंक)**

( जल संसाधन विभाग )

E-mail : eedamdn@gmail.com Ph. 01434232169

क्रमांक : 03/भू.अ./ज.स./2021/ दिनांक :

**विज्ञप्ति**

चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ बीसलपुर बांध के आर.एल. 315.50 मीटर में डूब के ग्राम खेजड़ी के शेष रहे खसरों (952 /1204, 956) की भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि सूची में वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अत: यह विज्ञप्ति भूमि अर्जन पुनर्वसन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11–12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारियों को, जिनका इससे संबंध है, को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षेत्र में प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधिकृत करती है, जो उक्त धारा में दर्शाये गये है।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे निम्नांकित क्षेत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त विज्ञप्ति के राजपत्र में प्रकाशन होने के 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली को प्रस्तुत कर सकता है।

आज्ञा से,
( मुकेश कुमार गुप्ता )
उप सचिव एवं प्रावै. सहायक
वास्ते मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन
राजस्थान जयपुर

DIPR/C/12921/2025

## सम्पादकीय

# संकट में नेपाल, भारत को रहना होगा सावधान

राजशाही के खात्मे के बाद से राजनीतिक अस्थिरता से दो-चार होता रहा नेपाल इस बार अराजकता से भी घिर गया है। चिंताजनक यह है कि इस अराजकता का अंत होता नहीं दिख रहा है। सोशल मीडिया कहे जाने वाले डिजिटल प्लेटफार्म पर पाबंदी के खिलाफ नेपाल के युवाओं ने जो विरोध प्रदर्शन शुरू किया, वह जिस तरह इस पाबंदी को हटा लिए जाने के बाद भी जारी रहा, उससे यही स्पष्ट होता है कि नई पीढ़ी का आक्रोश केवल डिजिटल मीडिया पर पाबंदी को लेकर नहीं था।

इसकी पुष्टि इससे होती है कि सडक़ों पर उतरे युवाओं ने अपने नेताओं के भ्रष्टाचार का उल्लेख कर उनके इस्तीफे की मांग करनी शुरू कर दी। इसके आसार नहीं थे कि उनका आक्रोश इतना उग्र रूप ले लेगा कि प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली इस्तीफा देने के लिए बाध्य हो जाएंगे, लेकिन उनके दमनकारी रवैये से ऐसा ही हुआ। उनके सत्ता से बाहर हो जाने के बाद यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ है कि इस पड़ोसी देश का राजनीतिक भविष्य क्या होगा? नेपाल के हालात काफी कुछ बांग्लादेश के घटनाक्रम की याद दिला रहे हैं। वहां भी छात्रों ने आरक्षण नीति से आक्रोशित होकर शेख हसीना सरकार के खिलाफ जो आंदोलन छेड़ा, वह उन्हें सत्ता से बेदखल करने का जरिया बना।

नेपाल में जो स्थिति बनी, उसके लिए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। उनकी मनमानी नीतियां ही उन्हें ले डूबीं। नेपाल के लिए चिंता का विषय केवल यह नहीं कि वहां भावी अंतरिम सरकार किस रूप में गठित होगी?उसके लिए चिंता की बात यह भी है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन अराजकता की राह से कैसे लौटे? नेपाल के युवाओं का आक्रोश समझ आता है, लेकिन यदि उसकी अभिव्यक्ति हिंसा से होगी तो वह संकट को और बढ़ाएगी। यह शुभ संकेत नहीं कि आक्रोशित युवा सेना की भी नहीं सुन रहे हैं। उन्हें यह देखना होगा कि नेपाल में वैसी स्थितियों का निर्माण न होने पाए, जैसी बांग्लादेश में निर्मित हुईं और जिनके नतीजे में वहां एक वर्ष बाद भी अनिश्चितता व्याप्त है। नेपाल कोविड महामारी के बाद से ही आर्थिक संकटों से घिरा है। राजनीतिक अस्थिरता ने इस संकट को और अधिक बढ़ाया। नेपाल के नेता कुछ भी दावा करें, सत्ता के लोभ में उन्होंने लोकतंत्र के साथ जैसे मनमाने प्रयोग किए, उनसे लोगों को निराशा ही हाथ लगी।

यह सही समय है कि नेताओं की नई पीढ़ी नेपाल का नेतृत्व करने आगे आए और अपने पुराने नेताओं की गलतियों से सबक सीखे। भारत को नेपाल की चिंताजनक स्थितियों से सतर्क रहना होगा। उसे यह भी देखना होगा कि अस्थिरता के साथ अराजकता से घिरे नेपाल में विदेशी ताकतों और विशेष रूप से चीन का हस्तक्षेप न बढने पाए।

## आज का इतिहास

- 11 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ
- 1893 - शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने कट्टरता, सहिष्णुता और सभी धर्मों में निहित सच्चाई पर ऐतिहासिक भाषण दिया।
- 1906 - महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया।
- 1919 - अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया।
- 1939 - इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1941 - अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन का निर्माण शुरू हुआ।
- 1951 - इंग्लिश चैनल तैरकर पार करने वाली पहली महिला बनी फ्लोरेंस चैडविक। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे।
- 1961 - विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना।
- 1965 - भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने दक्षिण पूर्वी लाहौर के निकट बुर्की शहर पर कब्ज़ा किया।
- 1968 - एयर फ्रांस का विमान संख्या 1611 नाइस के निकट दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत।
- 1971 - मिस्र में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1973 - चिली के राष्ट्रपति साल्वाडोर अलांदे का सैन्य तख्तापलट।
- 1996 - राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में पहली बार एक महिला अध्यक्ष निर्वाचित।
- 2001 - अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर व पेंटागन पर आतंकवादी हमले में 6 हज़ार से अधिक लोग मरे।
- 2003 - चीन के विरोध के बावजूद तिब्बत के धार्मिक नेता दलाई लामा से अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश मिले।
- 2005 - गाजा पट्टी में 38 सालों से जारी सैन्य शासन समाप्त करने की घोषणा।
- 2006 - पेस और डेम की जोड़ी ने अमेरिकी ओपन का युगल ख़िताब जीता। भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश पी.एन. भगवती संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति में चौथी बार पुनर्निर्वाचित।
- प्रख्यात बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने भारतीय नागरिकता की मांग की।

## विशेष आलेख

# अनिश्चित भविष्य एवं आभासी दुनिया से दुःखी युवापीढ़ी



ललित गर्ग



पूरी दुनिया की सरकारें युवा के मुद्दों, उनमें बढ़ रहे तनाव एवं दुःखों और उनकी बातों पर ध्यान आकर्षित करे। न केवल सरकारें बल्कि आम-जनजीवन में भी युवकों की स्थिति, उनके सपने, उनके जीवन लक्ष्य आदि पर चर्चाएं हो, अन्यथा युवकों की जीवनशैली में रचनात्मक परिवर्तन के स्थान पर हिंसा-आतंक-विध्वंस की स्थितियां विकराल होती जायेगी, जैसाकि नेपाल में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दशकों तक यह मान्यता रही कि जीवन की मध्य आयु वर्ग यानी 40 से 50 वर्ष के लोग ही सबसे अधिक अवसादग्रस्त, तनावग्रस्त, क्रोधित और दुखी होते हैं। युवावस्था और बुजुर्गावस्था अपेक्षाकृत अधिक प्रसन्न और संतुलित मानी जाती थी। लेकिन हाल के वैश्विक अध्ययनों ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। दुनिया में मानसिक स्वास्थ्य पर नजर रखने वाली ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट सहित अनेक शोध बताते हैं कि दुख और तनाव की शुरुआत अब युवावस्था से ही होने लगी है। सबसे खुशी, मस्त एवं तनावमुक्त जीवन जीने वाली यह पीढ़ी अब सबसे अधिक तनावग्रस्त हो गयी है, जो गहन चिन्ता का सबबे है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व जैसे 44 देशों के आंकड़े स्पष्ट संकेत देते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से आज की युवा पीढ़ी बुजुर्गों से भी अधिक कमजोर है। युवाओं की इस स्थिति के पीछे कई कारण बताए जाते हैं, जैसे रोजगार की असुरक्षा, भविष्य की अनिश्चितता, कार्यस्थलों का दबाव, प्रतिस्पर्धा का वातावरण और सबसे बड़ा कारक सोशल मीडिया का बढ़ता हस्तक्षेप। आभासी दुनिया युवाओं को बड़े सपने तो दिखाती है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाइयों से उनका सामना नहीं कराती। यही कारण है कि वास्तविक चुनौतियों से टकराते ही वे टूटने लगते हैं। आज के युवा सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय रहते हैं। देर रात तक स्क्रीन से चिपके रहना उनकी नींद और दिनचर्या दोनों को प्रभावित कर रहा है। आभासी मित्रता और लाइक्स की दुनिया में उन्हें वास्तविक संबंधों की गर्मजोशी नहीं मिल पाती। संवाद की जगह इमोजी ले लेते हैं और भावनाओं का स्थान कृत्रिम पोस्ट। परिणामस्वरूप वे वास्तविक सामाजिक जीवन से कटते जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जब इंसान अपने मित्रों, परिवार और समाज के साथ आमने-सामने संवाद करता है, तो तनाव कम होता है। कृतज्ञता का भाव मानसिक संतुलन को बनाए रखता है। परंतु डिजिटल आभामंडल में जीने वाला युवा जब अपनी तुलना लगातार दूसरों की सफलता और भौतिक समृद्धि से करता है, तो उसमें हीनभावना और निराशा जन्म लेती है। यही निराशा कई बार आक्रोश और हिंसा का रूप ले लेती है। सवाल यह है कि मानसिक तनाव का सीधा रिश्ता हिंसा से कैसे जुड़ रहा है। दरअसल, जब कोई व्यक्ति भीतर से असुरक्षित, असंतुष्ट और हताश होता है तो उसकी ऊर्जा रचनात्मकता की बजाय विध्वंसक रास्ते पकड़ लेती है। जिन युवाओं को उचित दिशा, रोजगार और सामाजिक मान्यता नहीं मिल पाती, वे गुस्से में समाज के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। यही गुस्सा कई बार सामाजिक अशांति, अपराध और दंगों के रूप में सामने आता है। यह वैश्विक ट्रेंड केवल पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं है। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका और विशेष रूप से नेपाल में हालिया परिदृश्य इसका उदाहरण है। नेपाल में पिछले महीनों हुए दंगे, हाल की युवाक्रांति और युवा आंदोलनों ने इस सच्चाई को सामने ला दिया कि निराशा से भरे युवाओं की ऊर्जा किस तरह हिंसा और अराजकता का रूप ले सकती है। नेपाल का इतिहास ही युवा आंदोलनों से भरा रहा है। राजतंत्र से लोकतंत्र और फिर लोकतांत्रिक अस्थिरता के बीच युवा हमेशा निर्णायक शक्ति रहे हैं। हाल ही में नेपाल में हुए दंगों और विरोध प्रदर्शनों के केंद्र में भी युवा ही थे। नेपाल के युवा लंबे समय से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं। वहां की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा 30 वर्ष से कम आयु का है, लेकिन रोजगार और अवसरों की कमी उन्हें या तो प्रवासी मजदूरी की ओर धकेल रही है या फिर हिंसक आंदोलनों की ओर। सोशल मीडिया इस असंतोष को और हवा दे रहा है। एक तरफ वहां पर नई राजनीतिक चेतना के स्वर सुनाई देते हैं, दूसरी तरफ यह चेतना जब रचनात्मक दिशा नहीं पाती तो दंगे, हिंसा और अराजकता का रूप ले लेती है।

नेपाल के हालिया आंदोलन यह भी बताते हैं कि युवा सिर्फ रोजगार और आर्थिक अवसर ही नहीं चाहते, वे सामाजिक न्याय, ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन और राजनीतिक स्थिरता की भी मांग कर रहे हैं। लेकिन जब इन मांगों को अनसुना किया जाता है, तो वही आक्रोश सडक़ पर हिंसा के रूप में फूट पड़ता है। यदि हम नेपाल की घटनाओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह सिर्फ एक देश की समस्या नहीं है। यह उस वैश्विक संकट की झलक है जिसमें पूरी दुनिया की युवा पीढ़ी फंसी हुई है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित देशों में भी 2016 के बाद से चालीस वर्ष से कम उम्र के युवाओं में अवसाद और चिंता बढ़ी है। एशिया और अफ्रीका जैसे विकासशील देशों में रोजगार की असुरक्षा ने युवाओं को और हताश किया है। तकनीकी विकास और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग ने श्रम आधारित रोजगार के अवसर सीमित कर दिए हैं। नेपाल उसी वैश्विक प्रवृत्ति का एक प्रतिरूप है जहां निराशा और तनाव ने हिंसा का रूप ले लिया है।

# क्या आने वाले समय में भारत 'युवा राष्ट्र' नहीं रह पायेगा!



रामस्वरूप रावतसरे

*2030 के बाद दुनिया की जनसंख्या लगभग 10.2 अरब तक पहुँचेगी, जो पिछले अनुमानों से करीब 70 करोड़ कम है। इसका मतलब है कि जन्म दर लगातार घट रही है और बहुत से देशों में लोग अब परिवार छोटा रखने लगे*

आज दुनिया एक बेहद महत्वपूर्ण जनसंख्या मोड़ पर खड़ी है। एक ओर कुछ देशों में अब भी जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, तो दूसरी ओर कई देश गंभीर गिरावट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की 'विश्व जनसंख्या संभावना 2024' रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले दशकों में वैश्विक आबादी का विकास पहले के अनुमान से धीमा रहेगा। 2030 के बाद दुनिया की जनसंख्या लगभग 10.2 अरब तक पहुँचेगी, जो पिछले अनुमानों से करीब 70 करोड़ कम है। इसका मतलब है कि जन्म दर लगातार घट रही है और बहुत से देशों में लोग अब परिवार छोटा रखने लगे हैं। इस बदलाव के असर गहरे हैं। जब किसी देश में जन्म दर गिरती है और बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ती है, तो सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, पेंशन और अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ता है। ऐसे में सरकारों को अधिक वृद्ध लोगों की देखभाल करनी पड़ती है, लेकिन कार्यबल यानी काम करने वाले युवाओं की संख्या घटने लगती है। यही वजह है कि आज जनसंख्या का यह बदलाव केवल जनसंख्या विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि एक गंभीर आर्थिक और सामाजिक चुनौती भी बन गया है। भारत लंबे समय तक 'युवा राष्ट्र' कहलाता रहा है। यह वह देश है जहाँ कामकाजी उम्र की आबादी सबसे ज्यादा मानी जाती थी। लेकिन अब आँकड़े बदलती तस्वीर दिखा रहे हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली( एसआरएस) 2023 की रिपोर्ट बताती है कि भारत की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 1971 में 5.2 थी, जो अब घटकर 1.9 रह गई है। यह 2.1 के प्रतिस्थापन स्तर से भी कम है। इसके साथ ही 0-14 साल की आयु वर्ग की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। 1991 में यह 36 प्रतिशत से ज्यादा थी, जो अब 24 प्रतिशत पर आ गई है। यानी नए बच्चों की संख्या कम हो रही है। दूसरी तरफ कामकाजी उम्र (15-59 साल) वाले लोगों की हिस्सेदारी बढक़र 66 प्रतिशत हो चुकी है। यह फिलहाल भारत की आर्थिक ताकत है, लेकिन आने वाले समय में यही समूह धीरे-धीरे वृद्ध होता जाएगा। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि 60 साल और उससे ऊपर की आबादी अब लगभग 10 प्रतिशत हो चुकी है। दक्षिण भारत के राज्यों जैसे केरल और तमिलनाडु में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 14-15 प्रतिशत तक पहुँच गई है। शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) और जन्म दर में गिरावट सकारात्मक है, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि आने वाले वर्षों में भारत का युवा आधार सिकुड़ सकता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या और जनसांख्यिकीय बदलाव पर अपनी राय रखते हुए कहा था कि हर भारतीय दंपत्ति को तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार जिन समुदायों की जन्म दर तीन से कम होती है, वे धीरे-धीरे विलुप्त हो जाते हैं। इसी वजह से उन्होंने सुझाव दिया कि परिवार में तीन बच्चों को शामिल करना जरूरी है। भागवत ने कहा कि डॉक्टरों ने भी उन्हें बताया है कि सही उम्र में शादी करना और तीन बच्चे पैदा करना माता-पिता और बच्चों दोनों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। उनके अनुसार तीन भाई-बहनों वाले घरों में बच्चे आपस में सामंजस्य, अहंकार प्रबंधन और रिश्तों को संभालने की कला सीखते हैं, जिससे उनके भविष्य के पारिवारिक जीवन में संतुलन बना रहता है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



डी.सी.जैन
आईपीएस (रि0 एडिश्रल. डारेक्टर सीबीआई)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। वरिष्ठ श्रेणी और बड़े अहम पद से सेवानिवृत होने वाले शानदार आईपीएस अधिकारी श्री धर्मचन्द जैन सर। व्यक्तिगत तौर पर मुझे छोटे भाई समान प्रेम करने वाले शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं डीसी जैन साब। 15 अक्टूबर सन 1963 को श्री धर्मचन्द जैन का जन्म राजस्थान के टोंक जिले में हुआ। राजस्थान की राजस्थान का कैडर बेहद इंटेलिजेंट अधिकारी को ही दिया जाता है। ऐसे में बी.ई(इलेक्ट्रिकल) से करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए और अपनी शानदार कार्यशैली व व्यवहार से अपना अलग स्थान बनाया। अतिरिक्त निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) नई दिल्ली जैसे शानदार व अहम पद से सेवानिवृत हुए हैं। इससे पूर्व ये संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरोए मुम्बई जोन, मुम्बई रहे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, मुख्यालय राजस्थान जयपुर। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, सतर्कता, राजस्थान जयपुर। महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेन्ज जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक, एसीबी जयपुर। पुलिस महानिरीक्षक जोधपुर रेंज जोधपुर। पुलिस महानिरीक्षक एसीबी जयपुर। पुलिस उप.महानिरीक्षक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो नई दिल्ली। पुलिस अधीक्षक, कोटा (शहर) पुलिस अधीक्षक, एसीबी जयपुर। कोसावा में प्रतिनियुक्ति पर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (क्राईम ब्रांच) जयपुर। पुलिस अधीक्षक, झालावाड़। पुलिस अधीक्षक, बूंदी। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सुरक्षा) जयपुर। सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत्त अजमेर (ग्रामीण) रहे। 15 अगस्त सन 2017 को इनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए इन्हे राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# डायबिटीज मरीजों के लिए इंसुलिन की फैक्ट्री हैं

आज के समय में डायबिटीज एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। यह बीमारी पहले केवल उम्रदराज लोगों में देखने को मिलती थी, लेकिन अब युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण है बदलता खानपान, फास्ट फूड्स का अत्यधिक सेवन, शारीरिक गतिविधियों की कमी और तनावपूर्ण जीवनशैली। डायबिटीज का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन इसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सही जीवनशैली से नियंत्रित किया जा सकता है। खासतौर पर कुछ प्राकृतिक ग्रीन जूस ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने और इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक माने गए हैं।

- आंवले का जूस
- आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है और इसमें मौजूद क्रोमियम मिनरल कार्बोहाइड्रेट के पाचन में मदद करता है। यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखने और शरीर को इंसुलिन के प्रति ज्यादा संवेदनशील बनाने में सहायक होता है।
- रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास आंवले का जूस पीना डायबिटीज रोगियों के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है।
- यह न केवल ब्लड शुगर कंट्रोल करता है, बल्कि इम्यूनिटी को भी मजबूत करता है और पाचन को दुरुस्त रखता है।
- सहजन (मोरिंगा) का जूस
- सहजन को सुपरफूड माना जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं।
- इसकी पत्तियों से बना जूस ब्लड शुगर लेवल को कम करने और पैंक्रियाज को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- लौकी का जूस
- लौकी का जूस डायबिटीज रोगियों के लिए एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। -इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है, जिससे ब्लड शुगर अचानक बढने से बचता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपका व्यापार पहले से बेहतर चलेगा। आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई पार्टनरशिप न करें, तो उसमें आप पूरा ध्यान दें।

### वृष
आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर दुविधा बनी रहेगी। आज आपको बेवजह का भय सताएगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और आपको

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने ससुराल पक्ष की किसी व्यक्ति से मेल मुलाकात करने जा सकते हैं। आपको किसी पारिवारिक मामले को घर से बाहर ले जाने से बचना होगा।

### कर्क
आज आपको शासन-सत्ता का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो प्रयास करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आपका कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके काम में यदि कुछ विघ्न आ रहे थे, तो वह दूर होंगे। आप अपने काम से काम मतलब रखें।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको अपने संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा और वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आप किसी से मांगकर

### तुला
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी का सहयोग सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। प्रेम में सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ खाने पीने की चीजे लेकर आ सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### धनु
आज का दिन व्यापार कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या थी, तो उसमें भी सुधार आएगा। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छे रहने वाला है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप अपने आवश्यक कामों को पूरा करने में ढील बिल्कुल ना दें।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढने के लिए रहेगा। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और आपको नौकरी में भी प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप कोई निवेश थोड़ा समझदारी से करें। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी, क्योंकि उनका डूबा हुआ धन भी आपको मिल सकता है।

# दीपावली पर रेलवे का तोहफा, इन रूटों पर चलाएगा फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** दीपावली के अवसर पर रेलवे लगातार स्पेशल ट्रेनों की घोषणा कर रहा है। दो विशेष ट्रेन कोटा व जयपुर होकर चलने वाली है. जिनमें कंफर्म टिकट पर मिल रहे हैं। इनके जरिए यात्री बीकानेर, अजमेर, साईं नगर शिरडी, रांची, भोपाल, उज्जैन, जयपुर सहित अन्य कई स्टेशनों की यात्रा कर सकते हैं. दोनों ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिल रहे हैं. कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि त्योहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा




विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है. इनमें अजमेर-रांची-अजमेर और बीकानेर- साईं नगर शिरडी - बीकानेर वीकली स्पेशल शामिल है।

ये चल रही है दो ट्रेन

1. अजमेर-रांची-अजमेर वीकली फेस्टिवल स्पेशल (26 सितंबर से 30 नवंबर) ट्रेन नंबर 09619 अजमेर रांची स्पेशल 26 सितम्बर 2025 से 28 नवम्बर 2025 के बीच हर शुक्रवार रात 11.05 पर अजमेर से रवाना होगी. यह देर रात 1.25 पर जयपुर पहुंच जाएगी. इसके बाद अगले दिन शनिवार तडक़े 5.25 पर यह कोटा के सोगरिया और 6.18 पर बारां स्टेशन पहुंचेगी. इसके बाद अगले दिन सुबह 7.30 रांची पहुंच जाएगी? रांची से वापसी में 28 सितम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2025 के बीच ट्रेन नंबर 09620 सुबह 9.15 पर रवाना होगी। इसके बाद अगले दिन सुबह 9.53 पर बारां और 10.55 पर कोटा के सोगरिया स्टेशन आएंगी। इसके बाद दोपहर 3.55 पर जयपुर और शाम 6.35 पर अजमेर पहुंच जाएगी।

ट्रेन आते और जाते समय किशनगढ़, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, सोगरिया, बारां, छबड़ा गूगोर, रूठियाई, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, ब्योहारी, बरगवां, सिंगरौली, ओबरा डैम, चोपन, रेनुकूट, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी व लोहरदगा स्टेशन पर स्टॉपेज करेगी. ट्रेन में जनरल के 4, स्लीपर के 7, थर्ड एसी के 5, सेकंड एसी का 3 फर्स्ट एसी के 1 कोच है। सभी श्रेणी में वर्तमान में कंफर्म टिकट मिल रहे हैं।

# पड़ोसी देशों जैसे हालातो से भारत को बचाने के मोदी को हटाना होगा:डोटासरा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कांग्रेस कमेटी राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पौने दो साल में सिर्फ कांग्रेस को गाली देने के अलावा कुछ नहीं किया। बल्कि कांग्रेस के राज में शुरू की गई जनहितो की अच्छी योजनाओं को बंद करके मटियामेट किए जाने का काम किया है।

राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बुधवार को जयपुर से कोटा जाते वक्त टोंक में पक्का बंधा के समीप कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिस दौरान पत्रकारों से बातचीत में डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में अतिवृष्टि से बाढ़ के हालत होने से लोगों की जाने गई,गरीबों के घर चले गए, मकान ढह गए जनता को कितनी परेशानी हुई लेकिन कोई सुध नहीं ली गई। उसके बावजूद मुख्यमंत्री ने किसी भी इलाको का दौरा नहीं किया सिर्फ एक दो मंत्रियों को हेलीकॉप्टर से घूमा करके इतिश्री कर ली। इतना ही नहीं अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को कोई सहायता मुहैया नहीं कराई। उन्होंने कहा कि राजस्थान में नौजवानों, गरीबों, दलितों, किसानो के पौने दो साल में कोई काम नहीं



हो रहे।

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस जनता की समस्याओं को भाजपा सरकार तक पहुंचाएंगी ये अपने विवेक से नहीं तो कोई दिल्ली से पर्ची आ जाएं उससे ही जनता के काम हो जाएं। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजस्थान ही नहीं बल्कि देश के हालात भी ऐसे ही हैं। पड़ोसी देश बांग्लादेश के पीएम ने शरण ले रखी है वहीं नेपाल में पीएम का आवास जला दिया वहां के पीएम को भागना पड़ा। ये ही हाल पाकिस्तान के हुए ,यहां लोकतंत्र खत्म हो गया। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस देश के मतदाताओं को जागरूक करेंगी कि तानाशाही मोदी सरकार को हटाएं नहीं तो यहां भी यही हालात पैदा नहीं हो जाएगें। उन्होंने कहा कि यदि भारत में लोकतंत्र को बचाना है ,पड़ोसी देशों जैसे हालातों से बचना है तो मोदी की तानाशाही सरकार को हटाना होगा। जिस दौरान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अजमेर संभाग प्रभारी रामविलास चैधरी, पूर्व विधायक कमल बेरवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा,जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खान ,टोंक देहात कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, पूर्व मालपुरा पालिका अध्यक्ष आशा नामा,सलीमुद्दीन खान,फौजु राम मीणा, राहुल सैनी, रामलाल सैलीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया अरशद चिश्ती, शबाना बी सेवादल,मोतीलाल सेवादल,सत्यनारायण रेगर सेवादल ,बाबूलाल सेवादल विनोद मराठा सेवादल, अजमल प्रिया विक्रम सिंह मंशा राम मनीष मीणा आदि मौजूद थे।

# ग्रामों के संपूर्ण विकास के लिए प्लान तैयार किया जाएं-सरोज बंसल



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला प्रमुख सरोज बसंल ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 2025-26 के तहत आदि कर्मयोगी तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला का बुधवार को दीप प्रज्जवलित करके शुभांरभ किया।

जिला प्रमुख सरोज बसंल ने कहा कि धरती आबा में चयनित ग्रामों के सम्पूर्ण विकास के लिए संबंधित ग्राम में जाकर उनकी आवश्यकतानुसार प्लान तैयार करे। जिससे कि ग्राम का सम्पूर्ण विकास हो सके।

उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी कार्यशाला में तीन दिवस तक उपस्थित रहकर अभियान अन्तर्गत बतायी जा रही जानकारियों को ब्लॉक लेवल तथा ग्राम लेवल तक लेकर जावे जिससे कार्य योजना बनाने में आसानी हो।

जिला परिषद टोंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका ने कहा कि टोंक जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 6 ब्लाकों में टोंक 8, टोडारायसिंह 3,पीपलू46, देवली 22, उनियारा 23, निवाई-21 इस प्रकार कुल 135 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है। अभियान के तहत इन ग्रामों में सभी विभागों से संबंधित सम्पूर्ण विकास कार्य करवाये जावेंगे। अभियान के तहत जिला स्तर पर पांच आदि कर्मयोगी एवं ब्लॉक स्तर पर 5-5 कर्मयोगी का चयन किया गया है एवं ग्राम स्तर पर साथी एवं सहयोगी का चयन किया गया है ।जिला स्तरीय कर्मयोगी का राज्य स्तर पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उदयपुर में किया गया है।

# छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक प्रीति जैन ने बताया कि शिविर में बालिकाओं ने पंच मारना, पैरों से बचाव करने के तरीके व सूर्य नमस्कार सहित कई प्रकार के आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मी बाई केंद्र व महिला नीति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्या माला के अंतर्गत प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी बघेल ने छात्राओं को सुजाक थेरेपी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि



एक्यूप्रेशर द्वारा बिना दवाइयां के किसी भी परिस्थिति में किस भी सामान्य बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस अवसर पर नोडल प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन, प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया, रूपा चौधरी, सुमन एवं संयोजक प्रीति जैन सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

# कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा का निवाई बायपास पर पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेस शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी सहित एनएसयूआई के सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राजस्थानी परंपरानुसार माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने कहा कि अतिवृष्टि को लेकर राजस्थान में किसानों की फसलों के खराबे के बावजूद भी सरकार नहीं जागी है। सिर्फ हेलीकॉप्टर में



बैठकर ही किसानों के दुखों को दूर कर रही है। उन्होंने बताया कि उक्त मामले को लेकर कोटा शहर में कांग्रेस ने कोटा शहर में सरकार के खिलाफ आक्रोश रैली का आयोजन किया है। डोटासरा ने कहा कि सरकार राजस्थान अतिवृष्टि को लेकर किसानों के नुकसान की भरपाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा किसानों को अतिवृष्टि में हुए नुकसान का पूरा मुआवजा दिलवाया जाएगा। पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि अतिवृष्टि से किसानों के हुए नुकसान को लेकर कार्यकर्ता गांवों-गांवों में किसानों से संपर्क कर रहे है। इस दौरान प्रदीप पारीक, कांग्रेस नेता राजेन्द्र चौधरी, सुदामा चौधरी, सरपंच मदनलाल मीणा, विनोद जयसवाल, विधायक हाकम अली का पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा के सानिध्य में स्वागत करके क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर रैली निकालकर किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा रैली, शपथ, संगोष्ठी सहित विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जैमिनी ने बताया कि आत्महत्या रोकथाम और आत्महत्या के प्रयासों में कमी लाने के लिए विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से रैली निकाली गई और सभी को शपथ दिलाकर आत्महत्या रोकथाम के लिए जागरूक किया गया।




इस मौके पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव चंद्रवंशी (मनोचिकित्सक) ने बताया कि विश्व में हर साल 7 लाख से ज्यादा लोग आत्महत्या से मर रहे है। 'आत्महत्या' 15-29 वर्ष के लोगो में सबसे ज्यादा मौत का तीसरा कारण है। 73 प्रतिशत आत्महत्या कम आमदनी वाले देशों में होती हैं। बहुत सारी मौतें तो आवेश में की गई आत्महत्या से होती है।

अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. शिशिर बैरवा ने बताया कि मनुष्य जीवन अनमोल है जिसकी रक्षा के लिए हमें-जागरूक होना होगा और स्वयं द्वारा जीवन को खत्म करने वालों के आत्मविश्वास को जगाना होगा, जिससे आत्महत्या को रोकना संभव हो पाये।

उन्होंने बताया कि जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई द्वारा मानसिक रोगों का इलाज और काउंसलिंग नियमित रूप से किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 14416 पर मनोरोग/नशामुक्ति सम्बन्धित परामर्श/काउंसलिंग ले सकते हैं। इस मौके पर डॉ. अहमद, रविन्द्र व सभी सीएमएचओ ऑफिस के स्टाफ मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला कलक्टर ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल बुधवार को निवाई उपखंड के दौरे पर रही। जहां उन्होंने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाय में पढ़ाई विद ए आई को लेकर की जा रही गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही इसके माध्यम से गणित विषय में छात्राओं को मिल रही मदद के बारे में सवाल जवाब किए। छात्राओं ने बताया कि इसके माध्यम से उनकी गणित विषय में रुचि बढ़ी है और कॉन्सेप्ट भी क्लियर हुए हैं। जिला कलक्टर को विद्यार्थियों ने इसे लेकर अपने सुझाव भी दिए। इसके बाद जिला कलक्टर ने ग्राम पहाड़ी के बड़ी बरथल, मीणा ढाणी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक स्तर को जांचा। उन्होंने बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई व सिखाने की गतिविधियों को सराहा। इस दौरान उपखंड अधिकारी निवाई रामकरण सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी, सीबीईओ मंजू मीणा समेत शिक्षा विभाग के अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

### सीएचसी बौंली पर मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति शिविर कल

**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र बौंली में 12 सितंबर को मनोचिकित्सा एवं नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में सामान्य चिकित्सालय, सवाई माधोपुर के मनोचिकित्सक डॉ. गौरव चन्द्रवंशी मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराएंगे। शिविर में अनिद्रा, उदासी, काम में मन न लगना, अकेले में बड़बड़ाना, भ्रम, अत्यधिक बोलना, बार-बार हाथ धोना, डर, घबराहट, बेचैनी, मंदबुद्धि जैसी मानसिक समस्याओं से पीड़ित रोगियों का परामर्श किया जाएगा। साथ ही स्मैक, डोडा, शराब, गांजा, तंबाकू आदि नशे की लत से जूझ रहे व्यक्तियों के लिए नि:शुल्क उपचार और मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा। विशेष बात यह है कि यदि कोई मरीज शिविर में आने में संकोच करता है तो उसके परिजन भी आकर परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना और नशे से मुक्ति के लिए जनजागरण करना है। जिला अस्पताल, सवाई माधोपुर के कमरा नं. 126 में भी नियमित रूप से मस्तिष्क, मनोरोग, नशा मुक्ति विशेषज्ञ एवं काउन्सलर जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव चन्द्रवंशी से परामर्श लिया जा सकता है।

### मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचन्दानी शुक्रवार को टोंक आएगें

**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस श्री जी.आर. मूलचन्दानी शुक्रवार 12 सितम्बर को टोंक आऐंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम रतन सौंकरिया ने बताया कि जस्टिस श्री मूलचन्दानी सुबह 11 बजे जिला कारागृह टोंक का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला अधिकारियों के साथ मानव अधिकार संबंधी लम्बित परिवादो पर चर्चा करेंगे। साथ ही पुलिस थाना बरोनी का निरीक्षण करेंगे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गौशाला के विकास के लिए कृत संकल्पित



**बढ़ता राजस्थान, निवाई (का.स.)।** श्री दामोदर गौशाला में गोपालन विभाग के निदेशक प्रहलादसहाय नागर ने निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौशाला उप मंत्री चंद्रप्रकाश खंडेलवाल ने बताया की निदेशक नागर ने गौशाला का भौतिक निरीक्षण करते हुए सभी रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने गोवंश का भी निरीक्षण करते हुए गौ माता के चारा दाने पानी के व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा करते हुए सभी गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने गौशाला व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गौशाला के विकास के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गौ माता के दर्शन व सेवा करना बडा ही फलदाय कार्य हैं और शुभ होते हैं। इस दौरान गौशाला संरक्षक कैलाशचंद अग्रवाल ने निदेशक प्रहलादसहाय नागर को गौशालाओं के अनुदान को सरकार से पूरे 12 महीने करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जितेंद्र यादव, डॉ लक्ष्मण सिंह व डॉ. शिवराज सिंह सहित कई पशु चिकित्सक व गौशाला के पदाधिकारी मौजूद थे।

### प्री-कैंप में लोगों ने समस्याएं लगाकर दर्ज करवाए आवेदन



**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य के नगर निकायों में शहर चलो अभियान चलाया जाएगा। इसी तैयारी के तहत बुधवार को हाउसिंग बोर्ड स्काउट ग्राउंड में प्री-कैंप का आयोजन किया गया। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि इस प्री-कैंप में आमजन बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न प्रकार के आवेदन जमा करवाए। उन्होंने बताया कि प्री-कैंप में कुल 68 आवेदन जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से, 29 आवेदन मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से, 15 आवेदन भूमि शाखा से संबंधित, 12 आवेदन, 8 आवेदन साफ-सफाई से, 7 आवेदन निर्माण शाखा एवं सीवरेज से, 5 आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना से, 5 आवेदन रोड लाइट से, तथा 2 आवेदन अतिक्रमण और सडक़ संबंधी समस्याओं से प्राप्त हुए।

# 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र/छात्रा कुश्ती व सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 2, राजगढ़ में 69वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र/छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन सतीश दुहारिया रहे, जबकि अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी युवराज शर्मा ने की। युवराज शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए, क्योंकि यह अनुशासन, टीम भावना और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भामाशाह तरूण पाण्डेय, मुरारीलाल पाण्डेय, ललित मोहन पाण्डेय, ओजस्व पाण्डेय, स्वामी अमन भारती जी महाराज, भारत विकास परिषद की अध्यक्षा पदमा गोयल, रामरतन तांबी, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्र.अ. प्रहलाद राय सैनी, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य नंदलाल बैरवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, पूर्व पार्षद उमेश मण्डावरा, एडवोकेट मनोहर लाल यादव, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा और युसीईईओं यादराम मीना उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। संस्थाप्रधान नरेश कुमार सैनी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अतिथियों ने छात्रों को खेल की भावना से खेलों में भाग लेने और अनुशासन बनाए रखने की सीख दी। प्रतियोगिता का उद्घाटन ध्वजारोहण कर किया गया और खिलाडियों ने सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर भामाशाहों द्वारा विद्यालय में लगाए गए टीन शेड की पट्टिका का लोकार्पण भी किया गया।

प्रतियोगिता का पहला मैच सॉफ्टबॉल में विद्यालय राबाउप्रावि नं. 2, राजगढ़ और विद्या बाल भारती पिनान के बीच खेला गया, जिसमें विजेता विद्या बाल भारती पिनान रही। सेमीफाइनल में श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक बनाम राबाउप्रावि नांगल सोहन में नांगल सोहन विजयी रहा, जबकि विद्या बाल भारती पिनान और राबाउप्रावि पथरोडिया के बीच खेला गया मैच राबाउप्रावि पथरोडिया ने जीत लिया।

कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गुप्ता और राजेश सैनी ने किया। इस दौरान अशोक मुखीजा, रघुनंदन शर्मा, रामचरण मीना, रोशनलाल सैनी, राजेश कंचन, राजेश सैनी, अजय विजय, अशोक शर्मा, रेणुका तिवाड़ी, सुमन, अंशु शर्मा, ज्योति और वंदना शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को न केवल खेलों में प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलेगा, बल्कि उनमें टीम भावना, अनुशासन और मानसिक मजबूती भी विकसित होगी।

## मौठूका के खेत में मिला नर कंकाल, पुलिस जांच में जुटी




बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर थाना क्षेत्र के गाँव मौठूका स्थित बाजरे के खेत में मंगलवार को एक नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। खेत में बाजरे की लावणी कर रहे मजदूरों को यह कंकाल दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत किसान और ग्रामीणों ने पुलिस को दी। घटना से मजदूरों और आसपास के लोगों में डर का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक मय जाप्ता मौके पर पहुँचे और उच्च अधिकारियों व एफएसएल टीम को जानकारी दी। पुलिस ने मौके को खाली करवा सुरक्षा घेरा बना दिया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए और कंकाल को रोटी बैंक की एंबुलेंस से मोर्चरी भेज दिया। थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। कंकाल की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी लापता व्यक्ति की जानकारी हो तो साझा करें, ताकि शिनाख्त संभव हो सके।

## समाज हित में हर कदम उठाया जाएगा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र के महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित अग्रवाल समाज बानसूर की कार्यकारिणी चुनाव में बृजमोहन ऐरन निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ऐरन ने कहा कि समाज हित में जो भी सही और आवश्यक कदम होंगे, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं है और महाराजा अग्रसेन भवन में आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्य किए जाएंगे। ऐरन ने यह भी बताया कि उन्हें जिस विश्वास और उम्मीद के साथ जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पुष्करदत्त गोयल को उपाध्यक्ष, जीतेन्द्र सिंघल को धर्मशाला प्रभारी, अरुण सिंघल को कोषाध्यक्ष, सिद्धांत गोयल को महामंत्री, अनील पंसारी को जयंती संयोजक और अनील सिंघल को ऑडिटर पद पर निर्विरोध चुना गया। समस्त नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने पद और गोपनीयता की शपथ लेते हुए समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। समारोह में पदाधिकारियों का माला-साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया और जयंती उत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ 14 सितंबर से श्री गणेश पूजन से होगी शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** शीतला माता मंदिर, श्री राम दरबार मालाखेड़ा गेट, राजगढ़ में 14 सितंबर, रविवार से श्रीमद् भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा का शुभारंभ श्री गणेश पूजन और कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर हनुमान जी मंदिर, गणेश पोल, चौपड़ होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंचेगी। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए कथा स्थल तक जाएगी और श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करेंगी। कथावाचक पंडित सुरेंद्र कुमार शास्त्री के मुखारविंद से कथा होगी। इस अवसर पर लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ समाज से नकारात्मक ऊर्जा को हटाकर सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करते हैं तथा समाज में शांति और सामूहिक सद्भाव स्थापित करते हैं। इस अवसर पर गणेश पूजन के दौरान मीना खंडेलवाल, प्रदीप शर्मा, अवधेश कुमार साहू, विजेंद्र मिश्रा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## श्राद्ध पक्ष में पितरों को कर रहे हैं तर्पण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पितृ पक्ष के दौरान गायत्री परिवार ने गायत्री शक्तिपीठों पर निःशुल्क सामूहिक पितृ तर्पण और श्राद्ध संस्कार का आयोजन किया, जिसमें महिलाएं भी भाग ले सकती हैं। इस संस्कार का उद्देश्य पितरों को तृप्त करना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना है, जिससे परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। तर्पण करने वाले लोग भारतीय पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होते हैं और अपने पूर्वजों के नाम पर जल और तिल अर्पित करते हैं। इसके अलावा तर्पण संस्कार में काले तिल, जौं, दूध, दही, शहद और शुद्ध जल जैसी सामग्री का भी प्रयोग किया जाता है। गायत्री परिवार के इस आयोजन में नर और नारी समान रूप से भाग ले सकते हैं और अपने पूर्वजों का सम्मान कर उन्हें तृप्त करने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। यह भारतीय संस्कृति की महान परंपरा का अनुसरण करने और पितृ पक्ष के महत्व को समझने का एक अवसर है।

## राजगढ़-माचाड़ी रोड पर झरना धाम के पास लेपर्ड दिखा, लोगों में दहशत

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के माचाड़ी सडक़ मार्ग पर मंगलवार रात लगभग 12 बजे झरना धाम के पास एक लेपर्ड दिखाई देने से इलाके में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शी रिंकू कुमार ने बताया कि वे माचाड़ी से राजगढ़ लौट रहे थे, तभी सडक़ के किनारे लेपर्ड को देखा। कार की रोशनी में लेपर्ड ने सडक़ पार करने के बजाय दूर भागना शुरू किया।

रिंकू कुमार ने बताया कि इस सडक़ पर देर रात तक काफी यातायात रहता है, और लेपर्ड के कारण लोगों को खतरा हो सकता है। उन्होंने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस इलाके में लेपर्ड अक्सर दिखाई देते हैं, जिससे लगता है कि उनकी संख्या बढ़ रही है। हालांकि लेपर्ड आमतौर पर इंसानों को नुकसान नहीं पहुंचाते, लेकिन घबराहट में वे हमला कर सकते हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से अनुरोध किया है कि इस मार्ग पर सतर्कता बरती जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।


## राज्य स्तरीय समारोह में सम्मान हेतु प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री लक्ष्मण सिंह ने बताया कि वृद्धजन कल्याण, सामाजिक, सांस्कृतिक, कला, साहित्य एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं राज्य स्तरीय समारोह में सम्मान पाने के लिए 15 सितम्बर 2025 तक अपने प्रस्ताव जमा कर सकते हैं। यह समारोह 1 अक्टूबर, अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। प्रस्ताव जिला कार्यालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, भवानी तोप के पास मिनी सचिवालय के द्वितीय तल, कक्ष संख्या 243-245 में जमा कराए जा सकते हैं।

## प्रेम (एक आभास)

मित्रों प्रेम एक अद्भुत सा नाम नहीं बल्कि एक अहसास है,अब जिसने प्रेम किया ही ना हो वो क्या जाने कि प्रेम आखिर है क्या। यहां प्रेम के नाम पर वासनाएं और गैर इरातदन भाव भरे हुए हैं। एक कहानी के माध्यम से प्रेम शब्द पर प्रकाश ड़ालने का प्रयास कर रहा हूं। एक पति पत्नी दूर गाँव में कहीं जा रहे थे। गर्मियों के दिन थे तो चलते-चलते कंठ सूखने लगा। पति ने अपने थैले में से निकाल कर पत्नी को चाशूम में रखा पानी पिलाया। फिर उसमें से थोड़ा सा पानी खुद के कंठ में ड़ाला और आगे चल दिया। थोड़ा आगे चलते ही पत्नी का फिर गला सूख गया। उसे चाशूम से निकाल पानी पिला दिया अब चाशूम का पानी भी खत्म हो गया। पत्नी फिर थोड़ा आगे चली लेकिन तपती धूप में पानी संजीवनी का काम करता है ऐसे में पानी ही खत्म हो जाए तो क्या करे कोई। अब पत्नी से दो कदम भी नहीं चला गया। उसे एक वृक्ष के नीचे छाया में बिठाया और स्वयं दौड़ कर एक पहाड़ की तहलटी से इक्कठा हुआ बारिश का पानी लेने चल दिया। पहाड़ थोड़ा दूर था। उस शख्स का कंठ बिलकुल सूख गया था लेकिन अपनी पत्नी के लिए पानी लाकर उसे पिलाना उसके लिए बेहद जरूरी था। वह पानी के पास पहुँच गया जल्दबाजी इतनी कि पानी भरने का चाशूम वहीं भूल गया पेड़ के पास ही। अब आस पास कोई पात्र ढूंढने लगा कोई पात्र नहीं मिला तो कुछ बड़े पेड़ों के पत्तों को एकत्र किया और उसका चाशूम बनाया और उसमें पानी भरकर पानी पानी चिल्ला रही अपनी पत्नी की तरफ दौड़ा। लगातार दौडने के कारण उसका मुँह बिलकुल सूख गया। जैसे ही पत्नी के पास पहुँचा पत्नी की आँखे उसके प्रेम को देख भर आई। वो मरी हुई आवाज में बोली पहले आप भी तो पी लो पानी। पति धडक्कते ह्द्य से बोला पहले आप पी लो,आपको अधिक जरूरत है। दोनों एक दूसरे को ढ़ांढ्स बंधाते रहे और पहले आप पहले आप करते करते दोनों मूर्छित हो गए और कुछ देर बाद दोनों ने अपने प्राण छोड़ दिये। मित्रों ये कहानी मनगढंत है कुछ दिमाग वाले लोग सोचेंगे कि पति कितना पागल था जब पानी लेने ही गया तो कम से कम खुद तो वहां से पी आता ताकि पत्तों का बना हुआ चाशूम में एक आंझली पानी दोनों की पूर्ति कहां से करता। बस यही तो बात है मित्रों जहां दिमाग आ जाता है वहां प्रेम काफूर हो जाता है। यहां कहानी में दोनों पति पत्नी की मौत हुई है लेकिन कहानी दर्शा रही है कि एक दूसरे की चिंता तभी हो सकती है जब प्रेम भी एक दूसरे से अनन्य हो।



**रूपक शर्मा**
संपादकीय प्रभारी,अलवर संस्करण

## टहला मस्टर्ड प्रोड्यूसर कंपनी का लाइसेंस निलंबित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कृषि विभाग द्वारा अनियमितता बरतने पर नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने के कारण मैसर्स टहला मस्टर्ड प्रोड्यूसर कम्पनी लि., टहला का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी.सी. मीणा ने बताया कि 6 सितम्बर को सहायक निदेशक कृषि (विस्तार), राजगढ़ के उर्वरक निरीक्षक श्री विश्राम मीणा ने कंपनी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यूरिया उर्वरक को निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बेचना, यूरिया के साथ नैनो यूरिया की टैगिंग करना, भौतिक स्टॉक व पोस मशीन में अंतर पाया जाना तथा रिकॉर्ड संधारण में अनियमितता सामने आई। 8 सितम्बर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

## राजंती मीना को मिली पीएचडी की उपाधि



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. देशराज वर्मा के निर्देशन में शोधार्थी राजंती मीना ने राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यासों में नारी चेतना के विविध आयाम विषयक शोधप्रबंध पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

प्रो. देशराज वर्मा ने बताया कि लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड के ग्राम झालाटाला निवासी शोधार्थी राजंती मीना की मौखिक परीक्षा में बाह्य विशेषज्ञ के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली के पूर्व आचार्य प्रो. महेन्द्र पाल शर्मा उपस्थित हुए। इस अवसर पर डीयू की प्रो. आभा शर्मा, शोध केंद्र विभागाध्यक्ष प्रो. सत्यवान आर्य, प्रो. अशोक मीना, डॉ. देवेंद्र कुमार सहित अनेक शोधार्थी भी मौजूद रहे।

राजंती मीना ने अपने शोधकार्य हेतु सहयोग का श्रेय गुरुजनों, पति प्रो. अशोक मीना, सास-ससुर और सभी इष्ट मित्रों को दिया। यह जानकारी हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो. देशराज वर्मा के निर्देशन में प्रो. अशोक मीना द्वारा साझा की गई।

हिन्दी व्याकरण और साहित्य की शिक्षा दी

## राष्ट्रभाषा हिन्दी सेवा को समर्पित व्यक्तित्व

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** बाल्यकाल से ही राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रति अनुराग रखने वाले डॉ. देवेंद्र शर्मा ने अपनी जीवन यात्रा को हिन्दी भाषा की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने बाईस वर्षों तक स्कूल व्याख्याता के पद पर रहते हुए हिन्दी व्याकरण और साहित्य की शिक्षा दी। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चस्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए व्याकरण की पुस्तकें तथा नैतिक शिक्षा की पुस्तकें भी लिखीं। प्रधानाचार्य के रूप में लगभग बारह वर्षों तक उन्होंने छात्रों को हिन्दी भाषा और साहित्य का बोध कराते हुए हिन्दी सेवा को जारी रखा। डाइट में भी उन्होंने योगदान दिया। 2015 में सेवानिवृत्त होने के बाद डॉ. शर्मा स्वतंत्र साहित्य सृजन में सक्रिय हुए। उनके साहित्यिक कृतित्व में भर्तृहरि चालीसा, श्रीरामचरितम् महाकाव्य, वीर पंचाध्यायी त्रयी, शहीदे आजम सरदार भगतसिंह, प्रवासी परिंदे, उनको भी एक दीप जलाओ, रसगंध, बीते वे दिन, सहित अनेक काव्य, उपन्यास, कहानी संग्रह और नाटक शामिल हैं। इसके अलावा कई कृतियाँ प्रकाशनाधीन हैं जैसे दहेज एकांकी, भगवान परशुराम नाटक, मैं मानव हूँ खंड काव्य, श्री शिवचरितम् महाकाव्य, श्री कृष्णचरितम् काव्य संग्रह, देव सतसई, आदि। डॉ. देवेंद्र शर्मा के साहित्य में प्रकृति प्रेम, देश प्रेम और जनजीवन प्रेम के विविध रूपों का प्रतिबिंब दिखाई देता है। श्रृंगार, वत्सल, हास्य, शांत, वीर, रौद्र और वीभत्स जैसे सभी रस उनके लेखन में साकार हुए हैं। उनके योगदान से हिन्दी भाषा और साहित्य का समृद्धि मार्ग निरंतर प्रगति कर रहा है।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए समाज की जागरूकता जरूरी

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विधानसभा परिसर का भ्रमण किया और लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से देखा। इस अवसर पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कार्यकर्ताओं को विधानसभा की कार्यवाही, म्यूजियम और विधायी प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

विधायक शेखावत ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता और कार्यकर्ताओं की जागरूकता अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिखाया कि किस प्रकार से पीठासीन की अनुमति के बिना कोई बोल नहीं सकता और विधायकों द्वारा विधेयक पारित करने की प्रक्रिया किस प्रकार से होती है। भ्रमण के दौरान कार्यकर्ताओं ने विधानसभा म्यूजियम का अवलोकन किया, जहाँ राजस्थान के लोकतांत्रिक इतिहास और संसदीय परंपराओं के बारे में जानकारी दी गई। शेखावत की यह पहल कार्यकर्ताओं और आमजन के लिए लोकतंत्र को समझने और उसकी महत्ता को जानने का अनूठा अवसर साबित हुई। विधायक ने यह भी बताया कि विधानसभा में लिए गए निर्णय राज्य से जुड़े हितों के लिए होते हैं और इस तरह के भ्रमण से जनता लोकतंत्र की वास्तविक प्रक्रिया को जान सकती है।

न्यूज ब्रीफ

## ढाबादेह मंडल मे भाजपा की 61 सदस्सीय कार्यकारिणी घोषित



**बढ़ता राजस्थान, चेचट/ढाबादेह /कोटा, (मंगल सिंह।)।** ढाबादेह मंडल भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा हो हुई। चेचट खेतड़ी के हनुमान मंदिर में आयोजित बैठक मे 61 सदस्यों को मंडल करिकारिणी द्वश शपथ दिलवाई गई। मण्डल अध्यक्ष साँवरमल मेघवाल ने बताया की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश अनुसार भाजपा कोटा देहात जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर की सहमति से भाजपा के मनोज जैन मंडल प्रतिनिधि द्वारा ढाबादेह मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इन सबको नई जिम्मेदारी मिली हे। जिससे नई ऊर्जा के साथ काम करना हे ।

## अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के आनलाइन आवेदन 15 से

**बढ़ता राजस्थान, कोटा,(का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा पटाखा विक्रताओं के लाइसेंस की सेवा के आवेदन ऑनलाईन ही स्वीकार किये जाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। ऐसी स्थिति में इस वर्ष दीपावली के पर्व पर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए ऑनलाईन अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र जारी किए जाने के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 सितम्बर से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर है। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल ने बताया कि जिले में दीपावली के पर्व पर ग्रीन पटाखा बिक्री के ऑनलाईन अस्थाई आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए इच्छुक आवेदक या फर्म 15 से 30 सितम्बर तक अपना आवेदन निर्धारित दस्तावेज के साथ ऑनलाईन प्रक्रिया के द्वारा कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात एवं ऑफलाईन प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा, ऐसे आवेदन पत्र स्वत: ही निरस्त माने जाएंगे। किसी फर्म अथवा व्यक्ति द्वारा बिना अनुज्ञापत्र के पटाखों की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ विस्फोटक नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व पार्षद के जन्मदिन पर 221 यूनिट रक्त संग्रह।



**बढ़ता राजस्थान, कोटा, (विनोद गौड़)।** चंबल फाउंडेशन के तत्वावधान में गुजराती समाज भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व पार्षद ब्रजेश शर्मा नीटू के जन्मदिन के अवसर पर लगाए गए इस शिविर में 221 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर की विशेषता रही कि 6 नवविवाहित जोड़ों और 8 युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर समाज को अनोखा संदेश दिया। महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल सहित प्रेस क्लब अध्यक्ष गजेंद्र व्यास, मंगलमुखी नैना देवी सिंह, ट्विंकल खनूजा, मनोहर पारीक समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अतिवृष्टि में गायब कांग्रेस, छेंप मिटाने की नौटंकी कर रही है



**बढ़ता राजस्थान, कोटा, (विनोद गौड़)।** बीजेपी राजस्थान के मीडिया संपर्क विभाग प्रदेश सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया ने कहा है कि कोटा में कांग्रेस की रैली पूरी तरह से फ्लॉप शो रही है । बहुत दूर दूर तक़ से बसों से लोगों को लाकर संख्या दिखाने की कोशिश की गईं और उसमें भी कोई रचनात्मक और तथ्यात्मक बात नहीं थी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित वक्ताओं ने आदत के मुताबिक झूठी और भ्रामक बयानबाजी ही की है। जिसका कोई सिर पैर नहीं था। राजस्थान की जनता ने ही इन कोंग्रेसियों को अयोग्य होनें से राजस्थान की सत्ता से बेदखल किया था । सरकार, किसान और नुकसान के प्रति संवेदनशील। सिसोदिया ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार संवेदनशील सरकार है, अतिवृष्टि के दौरान वह निरंतर जनता के संपर्क में रही है, अतिवृष्टि के दौरान पल पल की चिंता की है, निरंतर अधिकारीयों कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया है।

## शहर सेवा शिविर के तहत जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान, चित्तौडग़ढ़,(नि.स.)।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शहऱ सेवा शिविर का 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान को लेकर आज बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाना है, जिसके लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने जाली बावड़ी क्षेत्र में जर्जर और पुराने भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय भवन की वैधता की जांच कराने, साथ ही दुर्ग पर जाने वाले मार्ग से अतिक्रमण हटाने, आवारा पशुओं को हटाने और नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर बल दिया गया। चंद्रलोक सिनेमा के पास खाली पड़ी जमीन पर असामाजिक गतिविधियों को रोकने और व्यवस्थित उपयोग के लिए नगर परिषद को शीघ्र बाउंड्री निर्माण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को सौंदर्यीकरण कर स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ बनाया जाए।कलक्टर ने कपासन चौराहे से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने और यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के निर्देश दिए।

# योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया का एक दिवसीय साधना शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की कोटा मंडली के तत्वावधान में एक दिवसीय साधना शिविर का आयोजन रोटरी बिनानी सभागार, छावनी में किया गया।

इस अवसर पर रांची आश्रम के ब्रह्मचारी सौम्यानंद महाराज एवं ब्रह्मचारी हरिप्रियानंद महाराज ने परमहंस योगानंद की शिक्षाओं पर आधारित शक्ति संचार व्यायाम और ज्ञान की वैज्ञानिक ध्यान विधियों का अभ्यास करवाया।

ब्रह्मचारी सौम्यानंद ने सत्र में बताया कि साधना हमारे जीवन की कठिनाइयों को सुलझाने में सहायक होती है। एक नियमित दिनचर्या और संतुलित जीवनशैली की आवश्यकता पर जोर दिया। साधना हमारे भीतर मानसिक स्थिरता और स्पष्टता लाकर संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। ब्रह्मचारी हरिप्रियनंदन ने विधियों का उल्लेख करते हुए शक्ति संचार व्यायाम की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों जैसे कोटा, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, हुरडा, जबलपुर, जयपुर, चित्तौडग़ढ़, झालावाड़, जोधपुर, बनस्थली, विजय नगर, अलवर व निम्बाहेड़ा से लगभग 124 साधकों ने भाग लिया।



# डोटासरा बोले-सीएम भाषण देते हैं, अफसरों को सेरेडॉन खानी पड़ती है





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा में कांग्रेस ने भजनलाल सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कोटा सहित ग्रामीण अंचलों से पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में जमकर नारेबाजी की करीब 2 किलोमीटर लंबे जुलूस मार्ग में जमकर नारेबाजी की। रैली का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किया । कोटा के सिविल लाइन कलेक्ट्री के बाहर लगाए गए विशाल मंच से प्रदेश सरकार को घूरते हुए डोटासरा ने भजनलाल सरकार को पर्ची से चलने वाली सरकार करार दिया साथ ही कहा कि बड़ी जल्दी ही दिल्ली से दूसरी पर्ची आने वाली है, केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व राजस्थान में सरकार के नाम पर लोगों के साथ में अत्याचार कर रहे है। आज का आक्रोश बता रहा है कि राजस्थान की जनता सरकार को उखाड़ फेंकना चाहती है। ईसी लिये पहली बार इतना आक्रोश देखने को मिल रहा है।

डोटासरा ने मंच से आरोप लगाते वक्त लगाते हुए कहा कि एक और जहां प्रदेश का किसान प्रकृति की मार से बेहाल है वहीं सरकार ने अपनी पीठ दिखाकर किसान को बर्बादी के कगार पर छोड़ दिया। भारी बरसात में घुटनों और गर्दन तक पानी में डूबे किसान को बचाने सरकार के मंत्री और अधिकारी नहीं पहुंच रहे हैं,लेकि सीएम जनता के पैसे से मौज मे घूम रहे है। डोटासरा ने राहुल गांधी के वोट चोरी अभियान को आम मतदाता के अधिकार का अभियान बताया ।राजस्थान की कई सीटों के साथ कोटा की सीट को भी वोट चोरी करके ही जीत गया है अब जनता सारा खेल समझ गई है। पड़ोसी देशों में तो जनता जाग गई अब भारत में क्रांति होने वाली है। पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि अधिकारियों को सुधार करना ही होगा अपनी रीति को बदलते हुए जनता के हित में फैसला लेने होंगे कम करने होंगे वरना जनता तुम्हें छोडऩे वाली नहीं है। तरहदिलको भारत के व्यक्ति को लोकतंत्र पर विश्वास है इसलिए यहां पर जनता सडक़ों पर आकर कोई बवाल नहीं मचाना चाहती लेकिन अधिकारियों को और सरकारों को चाहिए कि वह जनता के वाजिब अधिकारों के लिए कोई राजनीति न करें। आम आदमी की फरियाद को सुना होगा आम आदमी जब फरियाद लेकर जा ता है तो अधिकारियों के कान पर जुँ तक नहीं रेंगती।

कांग्रेस की रैली के लिए बसों से कार्यकर्ता ग्रामीण अंचल से भी पहुंचे थे। इसके अलावा शहर से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए. यह सभी किशोर सागर पाल पर एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और सर्किट हाउस के बाहर जनसभा आयोजित हुई. इस दौरान फतेहपुर विधायक हाकिम अली खां, पूर्व विधायक राम नारायण मीणा, पूनम गोयल, मीनाक्षी चंद्रावत, जिला अध्यक्ष रविंद्र त्यागी, भानु प्रताप सिंह, मनोज राजोरिया, महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम,अमीन पठान, नईमुद्दीन गुड्डू, अनूप ठाकुर, व सहित कई नेता मंच पर मौजूद रहे।

## 16 दिवसीय श्राद्ध तर्पण मे 16 भूमि पुत्रों का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** कर्मयोगी सेवा संस्थान के संयोजन में आयोजित 26वां 16 दिवसीय श्राद्ध तर्पण महोत्सव के तहत् बुधवार को गुरुधाम कॉलोनी रोटेदा रोड कोटा जंक्शन पर चौथे दिन तृतीया व चतुर्थी का श्राद्ध किया गया। अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा के संयोजन में क्रियाकांडी पंडित पवन शर्मा द्वारा विधि विधान से श्राद्ध तर्पण देश के दिवंगत अन्नदाता किसानों की आत्मा शांति हेतु समर्पित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि श्राद्ध तर्पण अलका दुलारी जैन कर्मयोगी अनिल कुमार शर्मा, नीलम शर्मा, लक्ष्मी नारायण गर्ग धर्मपाल सिंह, नीलम सिंह, कमल सिंह सोलंकी, हेमंत सिंह, कुसुम सिंह, धर्मपाल, नरेंद्र सिंह जादौन, विनोद कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, अंजली शर्मा एडवोकेट, बबीता आर्य, संत कुमार सिंह, राधा शर्मा, परमेश्वरी देवी द्वारा किया गया। उसके पश्चात गरीबों एवं ब्राह्मणों को भोजन करवाया गया।

भूमिपुत्र किसानों को किया सम्मानित

संस्था परिवार द्वारा नयागांव भदाना गावड़ी के रामनिवास राठौर, रामचरण राठौर, तेजमल गुर्जर, लटुर लाल गुर्जर, हरिराम सेन, रामकिशन गुर्जर, रामसुख गुर्जर, हनुमान राठौर, राधेश्याम केवट सहित 16 किसानों को सम्मानित किया गया। संस्थापक राजाराम जैन कर्मयोगी ने बताया कि 11 सितंबर को पंचमी का श्राद्ध देश की सीमाओं पर नागरिकों की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए सभी सैनिकों एवं दिवंगत स्वतंत्रता सेनानियों की आत्मशांति के लिए समर्पित किया जाएगा।

## तत्परता से जारी कर रहे सामाजिक सुरक्षा पेंशन की स्वीकृति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** राज्य सरकार की पहल पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर में नगर निगम कोटा उत्तर सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदनों को तत्परता से निस्तारित कर रहा है। सोमवार से प्रारंभ हुए अभियान के तहत तीन दिन में अब तक आयोजित छह शिविरों में आए सभी आवेदन पर लेवल वन की स्वीकृति जारी कर दी गई है।

नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि, उत्तर निगम क्षेत्र में प्रयास किए जा रहे हैं कि आमजन से प्राप्त परिवाद का शीघ्र निस्तारण भी किया जाए। विशेष प्रकोष्ठ के द्वारा अधिकांश कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जा रहा है।

तीसरे दिन मिले 210 परिवाद

नगर निगम कोटा उत्तर की ओर से बुधवार को हिन्दू धर्मशाला स्थित सेक्टर कार्यालय नं 5 पर तथा सेक्टर कार्यालय नं 7 के में शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 210 व्यक्तियों ने अपनी समस्याओं तथा कार्य की आवश्यकताओं से जुड़े परिवाद दिए। निगम के अभियंताओं ने संबंधित सेक्टर क्षेत्र में अपने वार्ड की समस्याओं का आकलन किया।

कैथूनीपोल क्षेत्र में शिविर आज

नगर निगम कोटा उत्तर की ओर से शुक्रवार को मोखापाडा स्थित सेक्टर कार्यालय 06 पर वार्ड 3, 4, 6, 7, 33, 34, 52 के शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## कोटा स्टेशन पर अचानक बदलाव, 4 अक्टूबर तक चार ट्रेनों का ठहराव रद्द, यात्रियों के लिए सलाह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (का.स.)।** कोटा रेल मंडल में कोटा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अगले कुछ दिनों तक असुविधा का सामना करना पड़ेगा। दरअसल, स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर चल रहे री-डेवलपमेंट कार्य के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, 10 सितंबर से 3 अक्टूबर तक भोपाल-जोधपुर और जबलपुर-अजमेर ट्रेनों को बदले हुए मार्ग से चलाया जाएगा। इसी तरह, अजमेर-जबलपुर ट्रेन 10 सितंबर से 4 अक्टूबर तक गुडला-कोटा सी केबिन-सोगरिया होकर संचालित होगी।




जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस कोटा स्टेशन पर ठहराव नहीं

इसके अलावा 10 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जबलपुर-अजमेर, अजमेर-जबलपुर, भोपाल-जोधपुर और जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस कोटा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। इन सभी ट्रेनों का अस्थायी ठहराव सोगरिया स्टेशन पर किया जाएगा। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को कम से कम दिक्कत हो, इसके लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं।

कोटा स्टेशन का री-डेवलपमेंट कार्य जारी

अधिकारियों ने बताया कि कोटा स्टेशन का री-डेवलपमेंट कार्य यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। काम पूरा होने के बाद स्टेशन पर और आधुनिक इंतजाम उपलब्ध होंगे। वहीं यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले संबंधित ट्रेन की समय सारणी और ठहराव की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें, ताकि किसी तरह की परेशानी से बचा जा सके।

इस प्रकार, प्लेटफॉर्म नंबर दो के निर्माण कार्य की वजह से यह बदलाव लगभग एक महीने तक जारी रहेंगे और 3 से 4 अक्टूबर तक लागू रहेंगे। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग और समझदारी की अपील की है।

शहर चलो अभियान-2025

# नगर निगम शिविर मे किया जा रहा है समस्याओं का निस्तारण....

बढ़ता राजस्थान

**कोटा(दामोदर सिंह)।** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में दिनांक 15-09-2025 से दिनांक 02-10-2025 तक शुरू होने वाले ''शहर चलो अभियान-2025'' के क्रम मे नगरीय विकास आवासन एवम स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक 7695 दिनांक 04.09.2025 से शहर चलो अभियान 2025 के तैयारी शिविर नगर निगम कोटा दक्षिण के स्वागत कक्ष में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक वार्डवार आयोजित किया जा रहा है, जिसमे राज्य सरकार द्वारा शहरी नागरिको को प्रदत्त सेवाओ के शीघ्र निस्तारण, जन समस्याओ के समाधान एवं शहरी क्षेत्रो को सुंदर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाये जाने हेतु अभियान के प्रथम चरण (तैयारी शिविर) दिनांक 04.09.2025 से 13.09.2025 तक लंबित प्रकरण, राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं इस अवधि में प्राप्त आवेदनों की प्रारम्भिक तैयारी हेतु प्री कैंप का कार्यक्रम तैयारी कर दिनांक 04.09.2025 से प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त अवधि में जन प्रतिनिधियों से वार्ड समस्याओ, आमजन से जनहित की विभिन्न योजनाओ का आवेदन प्राप्त करने का कार्य, वार्ड स्तर पर विभिन्न समस्याओ का चिन्हीकरण आदि कार्य किये जा रहे है। राज्य सरकार द्वारा पूर्व मे चलाए गए प्रशासन शहरों के संग अभियान के अंतर्गत प्राप्त 69-क पट्टा आवेदनो की जिनमें सम्पूर्ण राशि जमा की



जा चुकी है, उनके निस्तारण हेतु कार्यवाही की जा रही है एवं आवेदक पट्टा चाहने हेतु धारा 69-क के तहत नवीन आवेदन सम्पूर्ण चेन ऑफ डोक्यूमेंट के साथ ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जिसकी दर 200 रूपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की गई है, शहर चलो अभियान 2025 के अंतर्गत अगर कोई अन्य छूट भी देय होती है तो उनके अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

अभियान के तहत नगर निगम कोटा दक्षिण में दिनांक 10.09.2025 को वार्ड संख्या 36,37,38,39,40,41,42,43,44,45,52 के आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें स्ट्रीट लाइट रिपेयर के 75, नई लाईट लगाने के 04, 69-क के पट्टों के तहत 01, खांचा भूमि 01, आवारा गौवंश को पकडऩे हेतु 01, सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु 01, नामान्तरण 04, जन्म-मृत्यु/विवाह पंजीयन 28, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 04, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के 03 एवं अन्य समस्याओं से संबंधित लगभग कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकाशं आवेदनों का निस्तारण किया गया ।

अभियान पूर्व तैयारी कैम्पों के क्रम में दिनांक 11.09.2025 बुधवार को वार्ड संख्या 47,48,49,50,51,60,61,62,63,64,65 के आवेदन नगर निगम कोटा के स्वागत कक्ष में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्राप्त एवं निस्तारित किये जायेगें। अतः आम लोगों से अनुरोध है कि उक्त शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर राज्य सरकार के द्वारा किये जाने वाले कार्यों का लाभ उठावें तथा कैम्प में आकर आवेदन करें। ताकि आमजन की समस्याओं का निस्तारण कर लाभान्वित किया जा सकें।

## नाथद्वारा क्षेत्र के 9 विद्यालयों में विज्ञान संकाय स्वीकृत




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के नौ विद्यालयों में विज्ञान संकाय की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से अब हजारों विद्यार्थियों को अपने नजदीकी विद्यालयों में ही विज्ञान विषय की पढ़ाई का अवसर मिलेगा। इस स्वीकृति से नाथद्वारा, रेलमगरा, खमनोर, देलवाड़ा सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सीधा लाभ पहुंचेगा। विज्ञान संकाय शुरू होने से न केवल उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी अधिक सुगम हो जाएगी। विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने दोहराया कि उनका संकल्प है कि नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र का प्रत्येक विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके।

## धर्मांतरण विरोधी बिल पारित होने पर भाजपा नेता मानसिंह बाहरठ ने जताई प्रसन्नता

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राजस्थान विधानसभा में जबरन धर्मांतरण रोकने संबंधी विधेयक पारित होने पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने इसे ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला कदम बताते हुए राज्य सरकार व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बधाई दी। बाहरठ ने कहा कि इस कानून से अब जबरन, छल, प्रलोभन, विवाह या अन्य किसी भी माध्यम से किए जाने वाले अवैध धर्मांतरण पर कड़ी रोक लगेगी। विशेषकर मेवाड़ के आदिवासी इलाकों में पिछले वर्षों में सामने आई घटनाओं को देखते हुए यह कानून निर्दोष, गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच साबित होगा। उन्होंने बताया कि विधेयक में कड़े दंड और भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। नाबालिग, महिला, दिव्यांग और एससी/एसटी वर्ग को निशाना बनाने वालों को अब कठोर सजा मिलेगी। वहीं सामूहिक धर्मांतरण या विदेशी संस्थाओं से धन लेकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होगी। बाहरठ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र को साकार करने की दिशा में यह कानून महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## देवछठ मेले में मचकुंड सरोवर दमका, नहीं फैली गंदगी



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** लक्खी देवछठ मेले में इस बार मचकुंड सरोवर की काया ही बदल गई। पहले जहां पूजा सामग्री और मोहरियों के विसर्जन से पानी काला और दुर्गंधयुक्त हो जाता था, वहीं इस बार नगरपरिषद की ओर से समय पर सफाई होने से सरोवर स्वर्ण मंदिर सी आभा लिए दमकता नजर आया। सफाईकर्मियों ने घाटों पर ही पूजन सामग्री और मोहरियों का निस्तारण कराया, जिससे गंदगी पानी तक नहीं पहुंची। वहीं आटा डालने की प्रथा पर भी रोक लगाने से सरोवर की स्वच्छता बरकरार रही। पहले हर साल नगरपरिषद को फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर डालकर पानी शुद्ध करने की मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन इस बार इसकी जरूरत नहीं पड़ी। मंगलवार सुबह रानी गुरु मंदिर घाट से लिया गया दृश्य श्रद्धालुओं को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की झलक दिखा रहा था। सरोवर के चारों ओर स्थित 108 मंदिरों का स्वर्ण अक्स पानी में झिलमिलाता रहा, जिसने श्रद्धालुओं को मोह लिया।

## कांग्रेस महिला सेवादल में घमासानः दो पदाधिकारियों सहित 47 ने दिया इस्तीफा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** कांग्रेस पार्टी के महिला सेवादल संगठन में विवाद बढ़ गया है। दो जिला महिला पदाधिकारियों ने अपनी टीम के 47 सदस्यों के साथ सामूहिक त्यागपत्र दे दिया है। त्यागपत्र में आरोप लगाया गया है कि जिला महिला अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित द्वारा बैठकों के दौरान उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। साथ ही, शीर्ष नेतृत्व द्वारा अनावश्यक दबाव और मानसिक प्रताडना देने का भी उल्लेख किया गया है। सामूहिक इस्तीफा देने वाले पदाधिकारी जिला प्रभारी रोशनी शिवहरे और महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष शबनम खान ने यह पत्र प्रदेश अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत और महिला सेवादल प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा पुंजाल को भेजा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी स्थिति में समृद्धि दीक्षित के नेतृत्व में काम नहीं कर सकती हैं, हालांकि कांग्रेस पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा बनी हुई है। इस घटना के बाद पार्टी में खींचतान और विवाद की स्थिति बन गई है।

## डिजिटल साक्षरता पर वेबीनार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, बंधा धर्मपुरा, कोटा में डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक वेबीनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों एवं व्याख्याताओं ने भागीदारी निभाई। आयोजन की संयोजक सहायक आचार्य नमिता पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि डिजिटल साक्षरता आज केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित न होकर जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को साइबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए पासवर्ड सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, फिशिंग से बचाव और साइबर बुलिंग जैसे पहलुओं पर विशेष बल दिया। पारीक ने यह भी कहा कि प्रशिक्षु शिक्षक स्वयं डिजिटल रूप से दक्ष बनने के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाने की दिशा में अग्रसर करें।

### ग्रामीणों ने की थी फैक्ट्री को लेकर शिकायत, हवा,पानी को दूषित करने का आरोप

# बिजौली स्थित कागज फैक्ट्री की शिकायत के बाद जांच करने पहुंची टीम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** शहर के धौलपुर रोड स्थित बिजौली गांव के पास स्थित नेफ्था आधारित कागज फैक्ट्री की ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर पॉल्यूशन डिपार्मेंट और जलदाय विभाग द्वारा पानी एवं हवा के नमूने लिए गए हैं। वहीं भूमि अतिक्रमण को लेकर बाड़ी तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा की मौजूदगी में हल्का पटवारी और राजस्व टीम द्वारा हाइवे किनारे भूमि की पैमाइश की है। मामले को लेकर सैंपल जांच के लिए भेजे गए है। जिनकी रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने बताया बिजौली गांव के पास नेफ्था आधारित एक कागज फैक्ट्री है। जो जेवीएन एंड संस आगरा की है। फैक्ट्री को



लेकर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई थी की गांव में बदबू फैल रही है। वहीं धुएं से पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है साथ में फैक्ट्री में जो केमिकल युक्त पानी छोड़ा जा रहा है। उससे भूमिगत जल प्रदूषित हो रहा है साथ मे घरों में बदबूदार पानी पहुंच रहा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। शिकायत के आधार पर एयर पॉल्यूशन विभाग जयपुर के साथ पानी की जांच के लिए जलदाय विभाग की टीम और भूमि पैमाइश को लेकर राजस्व विभाग की टीम और औद्योगिक विभाग के अधिकारी फैक्ट्री पहुचे। फैक्ट्री का मौका निरीक्षण करने के साथ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट,फैक्ट्री की चिमनी सहित अन्य मशीनों की जांच की गई। एयर पॉल्यूशन विभाग के अधिकारियों ने फैक्ट्री और आसपास के क्षेत्र से हवा के नमूने लिए है। वहीं जल्द विभाग द्वारा अलग-अलग स्थान से पानी के नमूने एकत्रित किए है। जिनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।भूमि पैमाइश को लेकर भी जांच की ही। औद्योगिक विभाग की टीम से फैक्ट्री को स्वीकृत भूमि की रिपोर्ट मंगाई गई है।

## 40 सरकारी स्कूलों में बच्चे सीखेंगे एआई और एंटरप्रेन्योरशिप

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ की पहल पर देलवाड़ा और खमनोर ब्लॉक के 40 राजकीय विद्यालयों में फ्यूचर रेडीनेस लैब्स स्थापित की गई हैं। इन लैब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को कंप्यूटेशनल थिंकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल-इमोशनल लर्निंग और एंटरप्रेन्योरशिप की शिक्षा दी जाएगी। इस अवसर पर बुधवार को जिला प्रशासन, समग्र शिक्षा राजसमंद और फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एक्शन के बीच तीन वर्ष का एमओयू जिला कलक्टर कक्ष में संपन्न हुआ। एमओयू साइनिंग के दौरान जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल और एडीपीसी (समसा) घनश्याम गौड़ मौजूद रहे। जिला कलक्टर ने इस पहल को राजसमंद को भविष्य-उन्मुख शिक्षा मॉडल की ओर ले जाने वाला कदम बताया। इन फ्यूचर रेडीनेस लैब्स में विद्यार्थियों के लिए शिक्षण पद्धति को कहानी, गतिविधि और समूह संवाद पर आधारित बनाया गया है।

## बामसेफ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (नि.स.)।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा के तत्वाधान में बामसेफ की टीम ने संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बहुजन समाज के मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, उनके खिलाफ हो रहे अन्याय-अत्याचार का विरोध और स्थानीय मुद्दों के समाधान की मांग की गई। इसके साथ ही हजारों संगठनों के सहयोग से चरणबद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन की घोषणा की गई, जिसमें धरना-प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन और जन आक्रोश रैली शामिल होंगी। बामसेफ ने जिन प्रमुख मुद्दों को उठाया, उनमें शामिल हैं—सभी चुनावों में ईवीएम हटाकर बैलेट



पेपर लागू करना, ओबीसी समेत सभी जाति समूहों की जातीय आधारित जनगणना, आदिवासियों और धर्मांतरित समुदायों पर हो रहे अन्याय का विरोध, मुस्लिम समुदाय की सुरक्षा और मॉब लिंचिंग पर कार्रवाई, एससी/एसटी/ओबीसी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण लागू करना और बहुजन समाज से जुड़े स्थानीय मुद्दों का समाधान।

संस्था ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बामसेफ ने इसे बहुजन समाज की एकजुटता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक कदम बताया।


## उस्मानिया ख्वाजा उच्च माध्यमिक विद्यालय अजमेर में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (मोहम्मद नज़ीर कादरी)।** उस्मानिया ख्वाजा उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जाहेरा चिश्ती ने किया।

समारोह की शुरुआत पवित्र नात शरीफ से हुई, जिसने आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। विद्यालय के सचिव हाजी सैयद कलीमुद्दीन चिश्ती ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों का सम्मान भी किया गया।

विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य, हजरत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की शान में प्रस्तुत "ख्वाजा मेरे ख्वाजा" कव्वाली, तथा पुराने बॉलीवुड गीतों पर सामूहिक नृत्य को विशेष



सराहना मिली। एक छात्रा ने शिक्षा पर प्रेरक भाषण दिया, वहीं बालिकाओं ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को जागरूक किया।

अंत में विद्यार्थियों ने बॉलीवुड गीतों पर मनोहारी नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को उल्लासमय बना दिया। समापन भाषण में स्कूल के सदर सैयद मुनव्वर चिश्ती ने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और नैतिकता के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक स्वर में गाकर एकता और समरसता का संदेश दिया। वार्षिकोत्सव ने न केवल विद्यार्थियों को मंच प्रदान किया बल्कि विद्यालय के सांस्कृतिक व शैक्षिक मूल्यों को भी उजागर किया।

## लिव-इन रिलेशन में रह रही बांग्लादेशी महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की तुलसीवन रोड से पुलिस ने एक बांग्लादेशी महिला जन्नत खानम को दस्तयाब किया है। महिला करीब एक वर्ष से स्थानीय युवक कबीर पुत्र अनीश खान और उसके परिवार के साथ रह रही थी। दोनों ने बताया कि उन्होंने निकाह किया है और महिला युवक के साथ रह रही थी। जानकारी के अनुसार, महिला बांग्लादेश के चांदपुर के बाबू घाट की रहने वाली है और फेसबुक पर युवक से मित्रता के बाद भारत आई थी। महिला को दस्तयाब करने के बाद पुलिस ने उसका मेडिकल कराकर एसडीएम कोर्ट में पेश



किया, जहां से उसे डिटेंशन सेंटर भेजा जाएगा। मामले में कोतवाली थाना एसएचओ अमित शर्मा, एसआई हरवीर सिंह और महिला कांस्टेबल पुष्पा व नीरू महिला और युवक से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस ने उच्च अधिकारियों और इंटेलिजेंस ब्यूरो को भी सूचित किया है।

## खेल में जीत राष्ट्रीय गौरव बन जाती है

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (नि.स.)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर में 10 सितम्बर को इंटर क्लास टूर्नामेंट का शुभारंभ उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है और खेल भावना से भाईचारा व अनुशासन पनपता है।

मुख्य अतिथि एसडीएम राधेश्याम मीणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर की प्रतियोगिताएं राष्ट्र प्रेम का प्रतीक होती हैं और खेल में जीत राष्ट्रीय



गौरव बन जाती है। खेल प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में स्नातक द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-0 से हराया, वहीं चतुर्थ वर्ष ने द्वितीय वर्ष को 2-0 से पराजित किया। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला चतुर्थ व तृतीय वर्ष के बीच होगा। महिला वर्ग में द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-0 और तृतीय वर्ष ने चतुर्थ वर्ष को 2-0 से हराया। महिला फाइनल द्वितीय व तृतीय वर्ष के बीच खेला जाएगा। टेबल टेनिस महिला वर्ग में प्राची ने प्रथम और विनीता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मैच रेफरी डॉ. मोहित कुमार रहे तथा डॉ. आकाश तंवर ने कमेंट्री की। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. एस.एल. यादव, भानुप्रिया पंकज, दीपक मीणा, राहुल मीणा, गीता गवारिया, प्रेम कुमारी सहित महाविद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जैन मन्दिर में क्षमा वाणी महापर्व

# एक दूसरे से गले मिलकर एवं पैर छूकर की क्षमा याचना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा दस लक्षण पर्व की समाप्ति के उपरांत क्षमा वाणी का पर्व श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आस्था व हर्षोल्लास साथ मनाया गया। समाज बंधुओं द्वारा एक दूसरे को गले लगाकर एवं पैर छूकर क्षमा याचना की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री निधि बीटी रहे। अध्यक्षता जैन समाज के संरक्षक विवेक सिंह बोहरा ने की।

विशिष्ट अतिथि अभियंता विद्युत विभाग विवेक शर्मा, प्रमुख समाजसेवी शैलेंद्र सिंह बोहरा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम कलेक्टर श्री निधि बीटी ने भगवान आदिनाथ की आरती कर की दशलक्षण पर्व के दस दिवस के अंतर्गत हुए धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए और विद्वानों का सम्मान एवं समाज बंधुओं का दस लक्षण पर्व में अपने महत्वपूर्ण



योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने कहा कि जैन धर्म जन जन का है उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो जीने दो को हमें जन-जन तक पहुंचना है और भगवान महावीर स्वामी की बताए हुए मार्ग सत्य अहिंसा पर चलकर ही हम विश्व में शांति स्थापित कर सकते है। उन्होंने कहा की क्षमा मानवीय जीवन की आधारशिलाहै उन्होंने समाज को आश्वस्त किया कि जैन समाज को चातुर्मास के लिए चिन्हित भूमि की आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर मुख्यमंत्री के संकल्प पत्र की पालना सुनिश्चित की जाएगी। संरक्षक विवेक सिंह बोहरा ने कहा की क्षमा वाणी का पर्व हमें एक दूसरे से क्षमा याचना करने का अवसर देता है और हम इसे अपने हृदय में आत्मसात करें। जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन, डा सुरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि जैन समाज के संत अपने साधना के सर्वोच्च शिखर पर आसीन होकर देश और दुनिया को करुणा, अहिंसा, मानवता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दे रहे हैं। धर्मशाला के अध्यक्ष पवन जैन ने कहा कि यह धर्म मानवता के कल्याण को समर्पित है। धनेश जैन ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि जैन समाज को चातुर्मास के लिए चिन्हित भूमि का आवंटन शीघ्र कर एवं जैन मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण है उसको हटाने की मांग की। कलेक्टर का समाज की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रूपेश जैन, वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष पवन कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, प्रवास जैन उपाध्यक्ष, अनिल एडवोकेट, प्रमोद कुमार जैन, आशु जैन, राहुल जैन बजाज, राहुल जैन एडवोकेट, राजकुमार जैन बर्तन फैक्ट्री, मानिक चंद्र जैन, जगदीश प्रसाद, अशोक कुमार, शांतिलाल जैन, जगदीश प्रसाद जैन, गिरीश चंद्र जैन, वीरेंद्र कुमार जैन, अंकुर कुमार जैन, नरेश कुमार जैन प्राचार्य, पवन जैन कपड़ा वाले, प्रिंस जैन, दिनेश नागर, कमल जैन जगदीश प्रसाद, विनय जैन, बनबारी लाल, नवाब रवि जैन, नरेश जैन, सुभाष चन्द्र जैन आदि मौजूद रहे।

# डोटासरा का तीखा हमला, कहा- जनता की आवाज दबाई तो होगा आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को बूंदी में आयोजित जन आक्रोश रैली में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार पर तीखे प्रहार किए। रैली में पहुंचने पर डोटासरा का पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। शर्मा ने साफा और हार पहनाकर प्रदेशाध्यक्ष का अभिनंदन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डोटासरा ने अपने संबोधन में कहा कि पड़ोसी देशों नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका में जनता की आवाज दबाने का परिणाम यह हुआ कि वहां हालात बिगड़े और लोग सडक़ों पर उतर आए। नेपाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां की गंभीर स्थिति के चलते प्रधानमंत्री को देश छोडक़र जाना पड़ा।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भारत में भी तानाशाही रवैया जारी रहा और जनता की आवाज को दबाया गया, तो यहां भी व्यापक जनाक्रोश खड़ा हो सकता है। डोटासरा ने कहा, सरकारों का दायित्व है कि वे जनता की समस्याओं को सुनें और संवेदनशीलता दिखाएं। लेकिन मौजूदा स्थिति इसके उलट है। सत्ता में बैठे लोग जनता की पीड़ा दूर करने की बजाय अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं, यही चिंता का विषय है।

स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकरण मीणा, उपसभापति लटूर भाई, जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा जिला अध्यक्ष निशांत नुवाल, पूर्व प्रधान भगवान नुवाल, प्रधान प्रतिनिधि सत्यनारायण मीणा, पीसीसी सचिव संदीप पुरोहित, वार्ड पार्षद टीकम जैन, इरफान इलू, महावीर गुर्जर, मनवीर सिंह, इमरान देशवाली, गिर्राज मीणा, शिवम गुर्जर, सरपंच बालकदास, नाथूलाल बेरवा, बाबूलाल गुर्जर, मुकेश जैन, संजय शर्मा, यासीन कुरैशी, अनन्त चंदेल, महेश कंजर, जोधराज गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 13 सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 11 न्यायपीठों पर होगा मामलों का निपटारा

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर (द्वितीय शनिवार) को बूंदी न्यायक्षेत्र के विभिन्न न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से होगी, ताकि पक्षकार अपनी सुविधा अनुसार इसमें भाग ले सकें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि इस अवसर पर बूंदी न्यायक्षेत्र में कुल 11 न्यायपीठ (बेंच) गठित किए गए हैं। इन पर आपसी समझाइश और राजीनामे के माध्यम से लंबित मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य पक्षकारों के बीच के विवाद समाप्त कर उन्हें सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय उपलब्ध कराना है। यह अदालतें विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होती हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालतों के कई फायदे हैं। इसमें मामला दायर करने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। यदि सिविल मामला लोक अदालत में निपटता है तो पहले जमा की गई कोर्ट फीस भी वापस मिल जाती है। यहां मामलों का तत्काल निपटारा होता है और लोक अदालत का फैसला दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होता है, जिसके खिलाफ आगे अपील नहीं की जा सकती।

**इन मामलों का होगा निस्तारण:** लोक अदालत में राजीनामा योग्य फौजदारी मामले, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण, बैंक लोन व धन वसूली से जुड़े मामले, मोटर वाहन दुर्घटना (एमएसीटी) दावे, बिजली, पानी और टेलीफोन बिल विवाद, पारिवारिक व वैवाहिक झगड़े, भरण-पोषण से संबंधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण और राजस्व विवाद, उपभोक्ता विवाद सहित अन्य सिविल मामले शामिल होंगे। सचिव सरिता मीणा ने अपील की कि जिन पक्षकारों के मामले मध्यस्थता केंद्र को भेजे गए हैं, वे सभी 13 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित केंद्र पर उपस्थित होकर अपने मामलों का निस्तारण करवा सकते हैं।

## जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने जेसीआई सप्ताह के दूसरे दिन मनाया ट्रेनिंग डे



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने जेसीआई सप्ताह 2025 के दूसरे दिन ट्रेनिंग डे का आयोजन किया। इस दौरान स्किल डेवलपमेंट और फाइनेंशियल लिटरेसी पर दो महत्वपूर्ण वर्कशॉप आयोजित की गईं, जिनमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समन्वयक अंकिता नुवाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप में प्रशिक्षक रजत वर्मा ने जीवन कौशल से जुड़े उपयोगी टिप्स दिए। उन्होंने प्रतिभागियों को समझाया कि किस तरह इन कौशलों के आधार पर भविष्य में आय के नए स्रोत विकसित किए जा सकते हैं। वहीं, इनकम टैक्स ऑफिस में ख्याति भंडारी ने फाइनेंशियल लिटरेसी ट्रेनिंग दी। उन्होंने निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि किस प्रकार सही रणनीति और योजना के साथ निवेश कर आर्थिक मजबूती हासिल की जा सकती है। दोनों वर्कशॉप में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और इसका सीधा लाभ उठाया। जेसीआई बूंदी ऊर्जा के इस प्रयास को युवाओं के कौशल विकास और वित्तीय जागरूकता की दिशा में एक सार्थक पहल माना जा रहा है।

## संस्कृत में शोध कार्य पर कुमावत को मिली डॉक्टरेट उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा में कार्यरत संस्कृत अध्यापक परमेश्वर प्रसाद कुमावत को संगम विश्वविद्यालय भीलवाड़ा ने संस्कृत भाषा में किए गए उनके शोध कार्य पर डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की है। कुमावत ने आधुनिक संस्कृत महाकवि पंडित सत्यनारायण शास्त्री (अजमेर) की रचनाओं 'श्रीसंस्कृतदोहा सप्तशती' एवं 'साहित्यसुधासौहित्यम्' पर समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। यह शोध डॉ. रजनीश शर्मा के निर्देशन में पूर्ण हुआ। अपने शोध में उन्होंने शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व, शिक्षा एवं जीवन मूल्यों, साहित्यिक योगदान और चिंतन का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। साथ ही उनके दोहों का विषयवार वर्गीकरण करते हुए श्रम, राष्ट्रप्रेम, संस्कृत-संस्कृति, नारीशक्ति, मानवीय और नैतिक मूल्य, साहित्य चेतना, कृषि, राजनीति, धर्म, शिक्षा, गुरु-शिष्य परम्परा सहित अनेक पहलुओं का समीक्षात्मक अध्ययन किया।

कुमावत को वर्ष 2021 में उनकी निष्ठा, ईमानदारी और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। मूलतः सांगरिया निवासी कुमावत ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजगढ़ (ब्यावरा), बांसवाड़ा और सांगरिया से प्राप्त की। उन्होंने अजमेर आचार्य महाविद्यालय से शास्त्री, राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर से आचार्य, तथा संस्कृत साहित्य, हिंदी, राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषयों में एमए किया है।

वे पर्यावरण प्रेमी, संस्कृतानुरागी, कवि, लेखक और कुशल वक्ता एवं मंच संचालक भी हैं। वर्तमान में वे पुरस्कृत शिक्षक फोरम भीलवाड़ा जिला इकाई के सचिव के रूप में सक्रिय हैं और पाथेय कण पाक्षिक पत्रिका के सह-संपादक भी रह चुके हैं। विद्यार्थी जीवन में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अजमेर इकाई तथा राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर की छात्र इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजना के तहत प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर का प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर स्टूडेन्ट पुलिस कैडेट योजना के अंतर्गत रिजर्व पुलिस लाईन ब्यावर में एक दिवसीय प्राथमिक उपचार एवं कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई।जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में आयोजित इस कार्यशाला में निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाईन राजुराम सिरवी, राजकीय अमृतकौर अस्पताल की डॉ. सुमन राय व डॉ. विपिन ने प्रशिक्षण प्रदान किया यह प्रशिक्षण विशेष रूप से ड्रिल इंस्ट्रक्टर्स एवं महिला मास्टर ट्रेनर्स के लिए आयोजित किया गया, ताकि वे विद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दे सकें।

चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को सीपीआर की विधियां, रक्तस्राव, हड्डी टूटना, जलने, बेहोशी और साँप काटने जैसी परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी सैद्धांतिक और व्यावहारिक रूप से दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सीपीआर का अभ्यास भी किया। यह पहल एसपीसी योजना को सशक्त बनाते हुए स्कूली छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

## ध्वजारोहण के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का आगाज, अग्रभागवत कथा का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को ध्वजारोहण के साथ हुआ। अध्यक्ष अमित बंसल व संयोजक पवन रायपुरिया ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में शिशु प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित हुई बंसी भवन में कथा वाचक सुश्री प्रियांशी भारद्वाज के मुखारविंद से तीन दिवसीय अग्रभागवत कथा का शुभारंभ हुआ। नरसिंह मंदिर से 251 महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई। अग्रवाल समाज के गणमान्य सदस्यों की मौजूदगी में कथा स्थल भक्तिमय रहा।

## दहेलवाल महाराज मेला स्थल विवाद सुलझा



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां(टी.आर सैनी)।** नैनवां नगर पालिका द्वारा आयोजित ऐतिहासिक दहेलवाल महाराज मेले के स्थल परिवर्तन को लेकर उठे विवाद का समाधान वार्ता के बाद हो गया है। अब यह मेला परम्परागत स्थल कनक सागर तालाब की पाल पर ही आयोजित होगा।

दहेलवाल महाराज का मेला 8 सितम्बर से 21 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। यह मेला पिछले 75 वर्षों से नगर पालिका मंडल नैनवां की ओर से कनक सागर तालाब की पाल पर ही भरता आया है। मेला अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के कारण पूरे हाड़ौती क्षेत्र में प्रसिद्ध है। कोटा दशहरे के बाद नैनवां का दहेलवाल मेला सबसे ज्यादा चर्चित माना जाता है। इस वर्ष नगर पालिका प्रशासन ने बिना पार्षदों की आमराय के मेले का स्थल बदलकर रविन्द्र बाल निकेतन स्कूल परिसर निर्धारित कर दिया था। इससे स्थानीय जनता और पार्षदों में गहरा असंतोष फैल गया। व्यापारियों ने भी नए स्थल पर जाने से इनकार कर दिया। वहीं, पशु मेले के लिए अलग स्थान निर्धारित नहीं होने से पशुपालक और व्यापारी भी असमंजस में थे। इस स्थिति को देखते हुए नागरिकों और पार्षदों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मेले को परम्परागत स्थल पर ही आयोजित करने की मांग की।

बुधवार को उपखंड अधिकारी और डीएसपी की मौजूदगी में पालिका ईओ और पार्षदों के बीच हुई वार्ता में सहमति बनी कि मेला परम्परागत स्थल पर ही होगा। पालिका ईओ ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष भी दहेलवाल महाराज का मेला कनक सागर तालाब की पाल पर ही आयोजित किया जाएगा। वार्ता के दौरान पार्षद प्रमोद जैन, पुखराज ओसवाल, अटल सोनी, अंकित मारवाड़ा सहित शहर के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## लोक सांस्कृतिक रंगों के बीच दहेलवाल महाराज को चढ़ाई झंडी



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां(टी.आर सैनी)।** आस्था और लोक संस्कृति की झलक के बीच बुधवार को कहार समाज की ओर से दहेलवाल महाराज को परम्परागत झंडी अर्पित की गई।
कहार समाज के लोग सुबह केवट नगर से गाजे-बाजे के साथ झंडी सवारी लेकर निकले। सवारी में कच्छी घोड़ी नृत्य के साथ महिलाएं और पुरुष भाव-भंगिमाओं के साथ नृत्य करते हुए बड़ी तालाब की पाल, खानपोल दरवाजा और मुख्य बाजार से गुजरते हुए टोडापोल तिराहे पर पहुंचे। यहां टोडापोल से आने वाली झंडी सवारी भी शामिल हुई। इसके बाद संयुक्त झंडी सवारी दपोला और कनक सागर की पाल से होती हुई दहेलवाल महाराज मंदिर पहुंची।

## धार्मिक स्थलों व मेलों में फूहड़ नृत्य पर लगे प्रतिबंध - मगरा जन जागरण मंच ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** मगरा जन जागरण मंच ब्यावर के कार्यकर्ताओं ने मंच के संस्थापक विक्रान्त सिंह रावत और संयोजक सूरज प्रताप सिंह राजियावास के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर के जरिये मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धार्मिक स्थलों, मेलों और समितियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित होने वाले फूहड़ नृत्यों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई मंच संस्थापक विक्रान्त सिंह रावत ने कहा कि मेलों व जागरणों में समितियां चंदा एकत्र कर मनोरंजन के नाम पर डांस पार्टियों को बुलाकर अश्लील नृत्य व अंग प्रदर्शन करवा रही हैं।



यह परंपराओं और संस्कृति पर चोट है तथा आम जनता और युवा पीढ़ी में गलत संदेश जा रहा है। इसलिए इस पर कड़े कानून की आवश्यकता है।

मंच संयोजक सूरज प्रताप सिंह ने बताया कि गत 3 सितम्बर को श्री साँवलिया जी मंदिर, भादसोड़ा में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में असामाजिक तत्वों द्वारा अश्लील नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिससे मंदिर की पवित्रता और धार्मिक आस्था को ठेस पहुँची। जब विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष प्यारचंद सेन ने विरोध किया तो उनके साथ अभद्रता और धमकी भी दी गई।ज्ञापन में मांग की गई है कि धार्मिक आयोजनों और भजन संध्याओं के नाम पर इस तरह की अराजकता को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर महेन्द्र पंवार, विजय सिंह मुंडोती, अनिल जांगिड़, ऋषि सिंह हुड्डा, सौरभ चौहान, मुकेश रावत, भगवान सिंह, वीरेंद्र सिंह मुंडोती, सुनील रावत गोहाना, लक्ष्मण सिंह चौहान, कैलाश रावत सारोठ, कपिल बोयत, मनन गहलोत, सुमित रावत, विक्रम सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अवैध नल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई की अपील

## चित्तौडग़ढ़ सहित जिलों को डार्क जोन से मुक्त कर किसानों व आमजन को दी जाए राहत - कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में बुधवार को पूर्व नगरीय विकास मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने राजस्थान भू-जल संरक्षण एवं प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक पर अपने विचार रखते हुए चित्तौडग़ढ़ सहित उन जिलों को डार्क जोन की सूची से बाहर करने की मांग की, जो लंबे समय से इसमें शामिल हैं।



कृपलानी ने कहा कि पहले कई क्षेत्रों में पानी की भारी कमी थी, इसी कारण चित्तौडग़ढ़ को भी डार्क जोन में रखा गया था। इससे किसानों को कृषि कार्यों और आमजन को पेयजल आपूर्ति के लिए ट्यूबवेल खोदने की अनुमति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि अब परिस्थितियाँ बदल चुकी हैं और किसानों को सिंचाई व नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जिले को डार्क जोन से बाहर करना आवश्यक है।

विधायक ने संशोधन विधेयक के सकारात्मक बदलावों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहले प्रस्तावित बिल में विधायकों को शामिल नहीं किया गया था, जबकि अब दो विधायकों को सदस्य के रूप में जोड़ा गया है, जो स्वागत योग्य कदम है। कृपलानी ने आग्रह किया कि प्राधिकरण में संभाग स्तर से एक-एक विधायक को सदस्य बनाया जाए, ताकि जनता की भावनाओं का बेहतर प्रतिनिधित्व हो सके।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर शासन सचिव या अभियंता के बजाय संबंधित मंत्री को नियुक्त किया जाए, जैसा अन्य राज्यों में प्रचलन है।

कृपलानी ने कहा कि इस बिल के माध्यम से जल की मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अंतिम छोर तक पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही, बिजली विभाग की तर्ज पर अवैध नल कनेक्शनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

## शादी का दबाव बना रही थी प्रेमिका, हत्या कर फरार हो गया था आरोपी



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर जिले के किशनगढ़ उपखंड की गांधी नगर थाना पुलिस ने एक साल पहले हुए अंजू नामक युवती की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी कैलाश सैनी उर्फ प्रिंस को उदयपुर से पकड़ लिया है। एसपी वंदिता राणा के निर्देशन में एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक कुमार के सुपरविजन में सीआई संजय शर्मा के नेतृत्व में थाना पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गांधीनगर थाना पुलिस आरोपी कैलाश सैनी को उदयपुर से दबोच कर किशनगढ़ लेकर आई है जहां उससे आगे अनुसंधान जारी है। आरोपी ने प्राथमिक पूछताछ में बताया कि उस पर अंजू शादी का दबाव बना रही थी इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी।

सीआई संजय शर्मा के अनुसार आरोपी कैलाश सैनी उर्फ प्रिंस झुंझुनू जिले का निवासी है उसने फेसबुक पर युवती से दोस्ती की थी। युवती अंजू गाजियाबाद की रहने वाली थी। कैलाश के कहने पर वह किशनगढ़ आ गई और यहां उसके साथ रहने लगी।

# शहरी सहकारी बैंक वैश्विक आवश्यकताओं के अनुसार अपनी उपयोगिता बढ़ाएं-राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सहकारिता से देश की समृद्धि को व्यवहार में क्रियान्वित किए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि शहरी सहकारी बैंक के प्रबंध मंडल के सदस्य अपने आपको न्यासी समझें, मालिक नहीं। इसी से भविष्य में उनकी सार्थकता और उपयोगिता जन—जन तक पहुंचेगी। यह होगा तभी बैंक देश में आर्थिक समृद्धि के आधार बनेंगे और इस सहकार भाव से समाज भी तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ सकेगा। राज्यपाल बुधवार को एक निजी होटल में 'द राजस्थान अर्बन कॉ—आपरेटिव बैंक और द गुजरात कॉ—आपरेटिव बैंक फेडरेशन लिमिटेड' की संयुक्त संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शहरी सहकारी बैंकों को लोगों के रोजगार और आय सृजन के लिए महती कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव बैंक और सहकारी समितियों का मूल ध्येय "सबका साथ, सबका विकास" होना चाहिए। बैंक युगानुरूप अधिक समावेशी, कुशल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनेंगे तभी हम 'विकसित भारत' के स्वप्न को उनके जरिए साकार कर सकेंगें।



## प्रदर्शनकारियों के निशाने पर पूर्व मिस नेपाल श्रृंखला खातीवाड़ा, पिता रह चुके हैं स्वास्थ्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**काठमांडू।** राजनीतिक संकट से जूझ रहे नेपाल में जेन-जी युवाओं के नेतृत्व में सोमवार को भड़का आंदोलन मंगलवार को और उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने संसद व सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं छोड़ा और यहां आगजनी की। वहीं, 29 साल की श्रृंखला खातीवाड़ा वह नेपो किड हैं जो इस समय प्रदर्शनकारियों के निशाने पर हैं। वह नेपाल के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बिरोध खातीवाड़ा की बेटी हैं। श्रृंखला खातीवाड़ा मिस नेपाल भी रह चुकी हैं। विरोध प्रदर्शनों के बीच अपनी चुप्पी के लिए उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है और उनके इंस्टाग्राम पर अब तक एक लाख से ज्यादा फॉलोअर्स कम हो गए हैं।

नेपाल में 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण शुरू हुआ, जिससे हजारों युवा सड़कों पर उतर आए और प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा । 29 वर्षीय श्रींखला खातीवाड़ा ऐसी ही एक 'नेपो किड' हैं, जो सोशल मीडिया पर निशाने पर आ गईं। श्रींखला नेपाल के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बिरोध खातीवाड़ा की बेटी हैं। उनकी मां, मुनु सिगडेल खातीवाड़ा, बागमती प्रांत की राज्य संसद की सदस्य हैं।

# अपनी अंतिम यात्रा पर निकले 1200 साल पुराने तीन वाइकिंग जहाज

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** तीन 1,200 साल पुराने वाइकिंग जहाज नॉर्वे में अपने नए स्थायी घर की ओर अपनी अंतिम और सबसे जोखिम भरी यात्रा पर निकल पड़े हैं। इन तीनों जहाज के नाम ओसेबर्ग, गोकस्टेड और ट्यून। वहीं, सबसे पहले इस यात्रा पर जाने वाला जहाज ओसेबर्ग है।

ओसेबर्ग पुराने वाइकिंग शिप संग्रहालय में अपने वर्तमान स्थान से धीरे-धीरे एक नए बने संग्रहालय की ओर बढ़ रहा है, जहां राष्ट्रीय धरोहरों को सर्वोत्तम परिस्थितियों में रखा जाएगा। एक भारी सुरक्षात्मक स्टील रिग में बंद, बेहद नाजुक ओक पतवार ने मंगलवार को यात्रा शुरू की।

अत्यंत नाजुक ओक का ढांचा इतनी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है कि मानव आंखों से इसकी गति लगभग अदृश्य थी, यह ढांचा एक भारी सुरक्षात्मक स्टील रिग में घिरा हुआ था। संग्रहालय की निदेशक ऑड टोन्नेसीन ने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे यह हवा में तैर रहा है।



वह जहाज के पिछले हिस्से से धीरे-धीरे ऊपर आते हुए सर्पिलाकार सर्प के सिर को देखकर बहुत उत्साहित थीं।

ओसेबर्ग, गोकस्टेड और ट्यून - जिनके बारे में माना जाता है कि इनका निर्माण 820 और 910 के बीच हुआ था - को एक क्रॉस-आकार की इमारत में रखा गया है, जिसे उचित रूप से संरक्षित करने के लिए बहुत छोटा और अनुपयुक्त माना जाता है।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में घपला, गलत खातों में ट्रांसफर कराई सब्सिडी

बढ़ता राजस्थान

**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में हुए करीब 71 लाख रुपये की सब्सिडी घोटाले में थाना उत्तर पुलिस ने यूको बैंक प्रबंधक, फील्ड ऑफीसर, उद्योग विभाग से सेवानिवृत्त लिपिक समेत छह लोगों के विरुद्ध फर्जीवाड़े की एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में सहायक आयुक्त उद्योग द्वारा थाना पुलिस को तहरीर दी गई थी।

बीते दिनों उद्योग विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली सब्सिडी में घपले का मामला प्रकाश में आया था। योजनाबद्ध तरीके से उद्योग विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने आपसी सांठगांठ कर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर करीब 71 लाख रुपये की सब्सिडी गलत खातों में ट्रांसफर करा दी।



पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद जिलाधिकारी रमेश रंजन ने उपायुक्त उद्योग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये थे। वहीं इस प्रकरण में बुधवार को सहायक आयुक्त उद्योग गणेश चंद्र ने थाना उत्तर पुलिस को तहरीर दी।

वहीं तहरीर के आधार पर थाना उत्तर पुलिस ने यूको बैंक के तत्कालीन फील्ड ऑफिसर धीरेंद्र प्रताप सिंह, तत्कालीन शाखा प्रबंधक यूको बैंक प्रवेंद्र कुमार, बैंक के रिकवरी एजेंट सौरभ गुप्ता एवं उसके साथी दीपांशु तिवारी के अलावा उद्योग विभाग में सेवानिवृत प्रधान सहायक राजेश कुमार सक्सेना एवं एक अन्य प्राइवेट कर्मचारी राजेश कुमार के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

थाना प्रभारी संजुल पांडेय ने बताया कि उद्योग विभाग के अधिकारी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर सब्सिडी घपले में मुकदमा दर्ज हुआ है। इनमें दो बैंक कर्मी, दो रिकवरी एजेंट अलावा उद्योग विभाग के एक सेवानिवृत लिपिक व प्राइवेट कर्मचारी के नाम शामिल हैं।

सूत्रों के अनुसार यूको बैंक में रिकवरी एजेंट के रूप में सौरभ गुप्ता काम करता है। सौरभ गुप्ता अपने एक अन्य साथी दीपांशु तिवारी के साथ शहर की कई अन्य बैंक शाखाओं में पैठ बना कर विभागीय योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृत कराने के एवज में आवेदकों से मोटी रकम ऐंठता है।

### अखिलेश बोले-सरकार हर मोर्चे पर फेल

# यूपी: प्रदेश में एसआईआर शुरू होने के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश।** अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार हर मामले में विफल हो गई है। कानून-व्यवस्था पर इस सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। हत्या, लूट, और बलात्कार की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। राजधानी लखनऊ भी अपराधिक घटनाओं से सुरक्षित नहीं है। 24 घंटे में तीन हत्याओं से लखनऊ दहल गया। मड़ियांव में बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग को गोली मार दी। बंथरा में रिकवरी एजेंट की हत्या और निगोहां में हत्या कर युवक का शव नाले में फेंका गया।

प्रदेश में एसआईआर शुरू होने के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन

प्रदेश में एसआईआर (मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया शुरू होने के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रदर्शन किया। हजरतगंज से विधानभवन जाने की कोशिश कर रहे सपाइयों और पुलिस में काफी देर तक नोकझोंक चली। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बस से ईको गार्डन भेज दिया। सपा की बरेली महानगर उपाध्यक्ष समयुन खान की अगुवाई में सपा कार्यकर्ता जीपीओ पर पर एकत्र हुए। यहां से सभी विधानभवन कूच करने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने रोका तो उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी और हंगामा करने लगे। सपा नेता समयुन खान ने कहा कि प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया 29 सितंबर तक पूरी की जानी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग हर साल चार से पांच बार विधानसभावार मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम कराता है।

उन्होंने सवाल किया कि इसके बावजूद इन मतदाता सूचियों में इतनी कमियां क्यों हैं? अगर इतनी त्रुटियां हैं तो ये जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग प्रदेश में पिछले चुनावों में खुल कर सत्ताधारी पार्टी को लाभ पहुंचाया। ऐसे में प्रदेश की जनता एसआईआर पर कैसे भरोसा करे। कहा, आयोग ने एआई से फर्जी वोटर चयनित कर लिए लेकिन सपा की ओर से दिए गए 17986 एफिडेविड का जवाब नहीं दे पाया। प्रदर्शन में अमर बाल्मीकि, गजेंद्र यादव, रोज वारसी, मोहित सिंह, रोहित, इसराफील हाशमी, हिमांशु शर्मा आदि शामिल हुए।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बहता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड खण्डवा, निवाई टोंक (राज.) से मुदित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888, जयपुर फोन नं. 0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास ई, टोंक मो.नं. 9414823448 अलवर कार्यालय मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर मो.नं. 7733000123, कोटा कार्यालय छावनी मेन रोड, कोटा मो.नं. 7023350734। ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चवन के लिए जिम्मेदार